R.N.I. : UPHIN/2012/52437
Website : www.mantrabharat.com
संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 45
पृष्ठ : 8
मूल्य : 1.00
शुक्रवार, 24 अक्टूबर, 2025

जुनून है सच लिखने का

# मंत्र भारत

हिन्दी दैनिक

प्रयागराज, लखनऊ, ग्वालियर एवं मुम्बई से एक साथ प्रकाशित एवं प्रतापगढ़, कौशाम्बी, भदोही, मिर्जापुर, वाराणसी, आजमगढ़ व गोरखपुर से प्रसारित

डाक पंजीयन संख्या : एल-2/9/रजि0/एडी0/119/15-17



3 स्टेशन पर डॉग स्क्वायड, बीडीएस के साथ हो रही ...
5 पुलिस आने के बाद किशुनदेबपुर में जुटा टुटा तार...
7 थक गई हूं, अपूर्वा मुखीजा ने छोड़ी डिजिटल ...

# त्रिपुरा में 24 घंटे के बंद से जनजीवन अस्त-व्यस्त रोकी गयी एम्बुलेंस, कानून व्यवस्था पर सवाल

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। त्रिपुरा सिविल सोसाइटी ने गुरुवार (23 अक्टूबर) को 24 घंटे के बंद का आह्वान किया है। इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के विधायक रंजीत देबबर्मा ने कहा कि बंद को लागू करने के लिए राज्य भर में 25 स्थानों पर बैरिकेड्स लगाए जाएँगे। अगरतला के प्रमुख स्थानों, जैसे सर्किट हाउस, उत्तरी द्वार और राज्य विधानसभा, पर भी बैरिकेड्स लगाए जाएँगे। देबबर्मा ने कहा, 'यह कोई राजनीतिक आंदोलन नहीं है जहाँ सभी वर्ग के लोग राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर बंद में शामिल होंगे। हम अपनी माँगों के समर्थन में इस बंद को शांतिपूर्ण ढंग से सफल बनाने के लिए तैयार हैं।'

टिपरासा सिविल सोसाइटी द्वारा आहूत 24 घंटे के राज्यव्यापी बंद के बाद आज त्रिपुरा में व्यापक तनाव और व्यवधान देखा गया। कथित तौर पर टिपरा मोथा कार्यकर्ताओं द्वारा समर्थित इस आंदोलन के कारण नाकाबंदी, विरोध और प्रशासनिक निष्क्रियता की कई घटनाएँ हुईं, जिससे जनता में आक्रोश फैल गया और राज्य की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे।

बरमुरा हिल्स में, तेलियामुरा उप-मंडल अस्पताल की एक एम्बुलेंस को कथित तौर पर बंद समर्थकों ने रोक दिया, जिससे उसे अपने गंतव्य तक पहुँचे बिना ही अस्पताल लौटना पड़ा। स्थानीय लोगों ने इस कृत्य की निंदा करते हुए इसे अमानवीय बताया, जबकि पर्यवेक्षकों ने मुख्यमंत्री द्वारा सामान्य स्थिति बनाए रखने के बार-बार निर्देशों के बावजूद पुलिस की निष्क्रियता की आलोचना की।

मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने बंद पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि त्रिपुरा में जनजीवन सामान्य रहेगा और सरकारी कर्मचारियों को ड्यूटी पर आना होगा। हालांकि, कई कर्मचारी सुबह से ही पुलिस प्रतिबंधों और सड़क अवरोधों के बीच सड़कों पर असहाय होकर फंसे हुए थे। नागरिकों ने आरोप लगाया कि पुलिस, सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के बजाय, वाहनों और यात्रियों को लंबे रास्तों से, खासकर अगरतला के उत्तरी गेट क्षेत्र के पास, डायवर्ट कर रही थी।

इस बीच, बंद समर्थकों ने जिरानिया के बिरगुदास इलाके में अगरतला-करीमगंज एक्सप्रेस रोक दी। टिपरासा सिविल सोसाइटी के सदस्यों ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर रेलवे पटरियों पर विरोध प्रदर्शन किया। इससे रेल यातायात अस्थायी रूप से ठप हो गया और आसपास के इलाकों में तनाव पैदा हो गया।



खोवाई के बेलफांग इलाके और शांतिरबाजार उपखंड से भी खबरें आईं, जहाँ बंद समर्थकों ने धरना दिया, बाजार बंद करवाए और परिवहन ठप कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने इन दृश्यों को त्रिपुरा में पहले के राजनीतिक आंदोलनों के दौरान हुई अशांति की याद दिलाते हुए बताया।

आलोचकों ने आरोप लगाया कि नागरिक समाज द्वारा आहूत इस बंद को टिपरा मोथा का मौन समर्थन प्राप्त था और राज्य मशीनरी के कुछ हिस्सों ने अप्रत्यक्ष रूप से इसमें मदद की, जबकि पुलिस केवल मूकदर्शक बनी रही। सोशल मीडिया पर विपक्षी आवाजों ने भाजपा के प्रमुख संगठनों की चुप्पी पर सवाल उठाए और प्रशासन पर दोहरे मापदंड अपनाने और बंद की सफलता सुनिश्चित करने के लिए गुप्त सहयोग करने का आरोप लगाया।

कई लोगों ने याद किया कि वामपंथी शासन के दौरान, बरमुरा की तलहटी कभी राजनीतिक आंदोलन का केंद्र बन गई थी, एक ऐसा आंदोलन जिसके दीर्घकालिक चुनावी परिणाम हुए। पर्यवेक्षक अब उस इतिहास की गूँज देख रहे हैं, और चेतावनी दे रहे हैं कि आज का घटनाक्रम त्रिपुरा के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में गहरे राजनीतिक पुनर्गठन का संकेत दे सकता है।

जनता की भावनाएँ बँटी हुई रहीं, जहाँ एक वर्ग ने स्वदेशी अधिकारों और अवैध आव्रजन विरोधी उपायों के लिए बंद के आह्वान के साथ एकजुटता व्यक्त की, वहीं अन्य ने आवश्यक सेवाओं में व्यवधान और आपातकालीन वाहनों के मार्ग में बाधा डालने की निंदा की।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आज का बंद राज्य के राजनीतिक परिदृश्य में बढ़ते ध्रुवीकरण को दर्शाता है। जैसा कि एक पर्यवेक्षक ने कहा, 'त्रिपुरा के सभी पूर्व उग्रवादी अब टिपरा मोथा के राजनीतिक झंडे तले एकजुट हो गए हैं। इस बीच, पुलिस सरकारी आदेशों और ज़मीनी हक़ीक़त के बीच फँसी हुई नज़र आ रही है।'

जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, राज्य के कई इलाकों में तनाव बढ़ता गया, प्रशासनिक तैयारियों और पुलिस की जवाबदेही पर सवाल उठते रहे। हालाँकि, नागरिकों ने एक बात स्पष्ट कर दी कि त्रिपुरा की शांति और सद्भाव एक नाजुक मोड़ पर खड़ा है।

## प्रेमानंद महाराज की फिर से पदयात्रा शुरू, भक्तों के चेहरे खिल उठे दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रेमानंद महाराज जी के भक्तों के लिए और उनको पसंद करने वालों के उन तमाम लोगों के लिए अब राहत भरी खबर है क्योंकि स्वास्थ्य कारणों के चलते संत प्रेमानंद महाराज की यात्रा रोक दी गयी थी। तीन दिनों के बाद प्रेमानंद महाराज ने गुरूवार सुबह पुनः पदयात्रा की।

आपको बता दें कि उनके तबीयत खराब की खबरों के बीच



उनकी पदयात्रा के दौरान भक्तिमय नगरी का माहौल उल्लास से भर उठा। प्रेमानंद महाराज की दोबारा पदयात्रा शुरू हो जाने के बाद वृंदावन में नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

वृदांवन के मशहूर संत प्रेमानंद जी महाराज के स्वास्थ्य के अचानक बिगड़ जाने और चिकित्सकों की सलाह पर सार्वजनिक पदयात्रा बंद कर दी गयी थी। बीते तीन दिनों से स्थगित चल रही पदयात्रा के दौरान महाराज केवल श्री हित राधा केलिकुंज आश्रम के बाहर खड़े होकर दर्शन के लिए पहुंच रहे भक्तों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य को लेकर भक्त लगातार चिंतित थे। उनकी पदयात्रा के स्थगित हो जाने के बाद भक्तों में निराशा थी और पदयात्रा मार्ग पर भी सन्नाटा पसरा हुआ था।

मिल रही जानकारी के अनुसार, बताया जा रहा है कि पिछले दिनों प्रेमानंद जी के पेट में सूजन की वजह से दर्द थी। इसकी जांच के लिए उन्हें सीटी स्कैन के लिए इस सेंटर पर लाया गया। हालांकि उन्हें बहुत गुप्त तरीके से लाया गया लेकिन लोगों तक यह बात जैसे ही पहुंची वे लोग डायग्नोस्टिक सेंटर के बाहर जमा हो गए। आपको बता दें कि महाराज की हेल्थ रिपोर्ट गुप्त रखी जाती है तो इसलिए उनके स्वस्थ्य को लेकर स्पष्ट रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता थी। लेकिन वर्तमान उनती पदयात्रा शुरू होने के बाद साफ जाहिर है कि अब हर रोज वह भक्तों को अपना दर्शन देंगे।

## लंदन की शिक्षाविद् को वापस भेजना स्वतंत्र सोच के प्रति मोदी सरकार की शत्रुता का उदाहरण : कांग्रेस

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। कांग्रेस ने लंदन में कार्यरत शिक्षाविद् फ्रांसेस्का ओरसिनी को वीज़ा शर्तों के कथित उल्लंघन के कारण दिल्ली हवाई अड्डे से वापस भेजे जाने के कुछ दिनों बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि उन्हें देश में प्रवेश से रोकना कोई आव्रजन संबंधी औपचारिकता नहीं है, बल्कि ''स्वतंत्र और गंभीर सोच रखने वालों के प्रति मोदी सरकार की शत्रुता की मिसाल'' है।


गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि हिंदी की विद्वान और 'स्कूल ऑफ ओरियंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज' (एसओएएस) में एमेरिट प्रोफेसर फ्रांसेस्का ओरसिनी को बीते सोमवार को हांगकांग से यहां पहुंचते ही निर्वासित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि वीजा शर्तों के उल्लंघन के कारण ओरसिनी मार्च 2025 से 'काली सूची' में हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि दक्षिण एशियाई साहित्य की इस विद्वान को पांच साल का वैध वीज़ा होने के बावजूद भारत में प्रवेश से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, ''ओरसिनी को देश में आने से रोकने का फैसला आव्रजन औपचारिकता का मामला नहीं है, बल्कि स्वतंत्र, गंभीर सोच वाले विद्वानों के प्रति मोदी सरकार की शत्रुता का प्रतीक है।''

## ब्रह्मोस मिसाइल इंजीनियर आकाशदीप गुप्ता की संदिग्ध मौत, हार्ट अटैक या कुछ और?

लखनऊ **(एजेंसी)**। प्रदेश की राजधानी लखनऊ से बड़ी खबर सामने आई है। डीआरडीओ में ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट के सिस्टम इंजीनियर के पद पर कार्यरत आकाशदीप गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, दीपावली की छुट्टियों पर घर आए आकाशदीप की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

आलमबाग पुलिस ने अस्पताल प्रशासन से सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया 'प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का लग रहा है, लेकिन असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगी।'

आकाशदीप गुप्ता डीआरडीओ के ब्रह्मोस मिसाइल प्रोजेक्ट में सिस्टम इंजीनियर के पद पर तैनात थे। वे दिल्ली में अपनी पत्नी भारती गुप्ता के साथ रहते थे, जो केनरा बैंक में कार्यरत हैं। दोनों की शादी इसी साल अप्रैल 2025 में हुई थी। दीपावली के मौके पर वे दिल्ली से लखनऊ अपने घर ओमनगर, आलमबाग आए थे। मृतक के पिता ने बताया'दिवाली मनाई, फिर खेलते समय तबीयत बिगड़ी उसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आकाशदीप के पिता कुलदीप गुप्ता, जो जनवरी में होम गार्ड विभाग से सेवानिवृत्त हुए हैं, ने बताया 'वह छुट्टी पर घर आया हुआ था। दीपावली मनाने के बाद 21 अक्टूबर की शाम खेलने गया था। रात में लौटा तो अचानक सीने में दर्द और बेचैनी हुई हम उसे अस्पताल ले गए, लेकिन वहां उसने दम तोड़ दिया।'आलमबाग इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने कहा कि 'मामले की जांच की जा रही है। हर पहलू पर कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्वाई की जा रही है।'आकाशदीप की एक विवाहित बहन भी है, जो भाई के असमय निधन से बेहद दुखी है।




## खत्म हुआ सस्पेंस! तेजस्वी यादव बने महागठबंधन के सीएम फेस

पटना **(एजेंसी)**। बिहार की राजनीति से जुड़ी इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। महागठबंधन ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव को औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। राजधानी पटना के होटल मौर्या में आयोजित महागठबंधन के घटक दलों के नेताओं के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने तेजस्वी यादव के नाम की घोषणा की। गहलोत ने यह भी कहा, 'यदि महागठबंधन की सरकार बनी, तो तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री, विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा।''

कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, '...हम सभी ने तय किया है कि इस चुनाव में अगले मुख्यमंत्री के लिए तेजस्वी यादव के नाम का समर्थन करते हैं। अशोक गहलोत ने आगे कहा कि एनडीए बताए कि उनका मुख्यमंत्री चेहरा कौन होगा। सिर्फ नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, कहने से नहीं चलेगा। वहीं, राजद नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी यादव ने कहा, 'तेजस्वी की परछाई (छाया) भी अगर गलत काम करेगी तो उसको भी तेजस्वी सजा दिलाने का काम करेगा, ये संकल्प है। एक नया बिहार बनाने का काम हम करेंगे।' उन्होंने कहा कि तेजस्वी खुद बिहार सरकार नहीं चलाएगा, बल्कि पूरा बिहार मिलकर बिहार सरकार चलाने का काम करेगा। तेजस्वी सीएम बनेंगे तो साथ में सभी बिहार के लोग सीएम बनेंगे।



बता दें कि कांग्रेस इस बार 61 सीट पर चुनाव लड़ रही है जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में नौ सीट कम हैं, जबकि राजद ने 143 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) नौ सीट पर, भाकपा (माले) 20 सीट पर और भाकपा (मार्क्सवादी) चार सीट पर चुनाव लड़ रही है, जबकि मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (न्र्ह्न) 15 सीटों पर पर चुनाव लड़ रही है।

## सोनम वांगचुक की पत्नी ने सुप्रीम कोर्ट में दर्ज करवाया हलफनामा

### कहा- खुफिया एजेंसियां मेरा पीछा करती हैं

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। लद्दाख के सामाजिक और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने सुप्रीम कोर्ट हलफनामा दर्ज करवाया है। उन्होंने अपने हलफनामे में कहा है कि उनके पीछे लगातार आईबी के सर्विलांस लगे हैं। इसके चलते उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है।

गीतांजलि ने कहा है कि जब वह जोधपुर के केंद्रीय कारागार में अपने पति से मिलने गईं, तब भी राजस्थान पुलिस और आईबी की टीम ने उनका पीछा किया. जोधपुर में उनकी यात्रा और पति से मुलाकात भी अधिकारियों की कड़ी निगरानी में हुई।

गीतांजलि ने दावा किया कि दिल्ली में सितंबर से ही उन पर निगरानी यानी सर्विलांस रखा जा रहा है। तब भी वह खुफिया निगाहों में थीं जब उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। वो जहां भी जाती हैं खुफिया एजेंसियों के अधिकारी उनका पीछा करते हैं।

गीतांजलि आंगमो का कहना है कि 7 अक्टूबर और 11 अक्टूबर को जब वह अपने पति से मिलने जोधपुर हवाई अड्डे पहुंचीं, तो उन्हें सीधे पुलिस वाहन में बिठा लिया गया। जेल के अंदर वांगचुक से मुलाकात के दौरान डीसीपी मंगलेश नाम के अधिकारी और एक महिला कांस्टेबल पास में मौजूद रहे। उन्होंने उनकी बातचीत के नोट्स बनाए।



आंगमो का कहना है कि 'मुझे जोधपुर में कहीं और जाने या किसी और से मिलने की छूट नहीं दी गई।' गीतांजलि आंगमो ने कहा कि पुलिस का यह सर्विलांस उनके मूल अधिकारों का हनन है। एक नागरिक के रूप में उन्हें बिना किसी प्रतिबंध के अपने पति से मिलने और जोधपुर जाने का पूरा अधिकार है और उनकी आवाजाही पर कोई रोक नहीं लगाई जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि निजता के अधिकार के तहत उनकी और सोनम वांगचुक की बातचीत को कोई और नहीं सुन सकता। पुलिस की ये हरकत संविधान के अनुच्छेद 19 और 21 के तहत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हैं।

## एयर इंडिया के खाने में मिला बाल, 23 साल बाद 35000 का भरना होगा जुर्माना

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। 23 साल लंबी कानूनी लड़ाई के बाद आखिरकार यात्री पी. सुंदरापरिपोरनम को न्याय मिला है। मद्रास हाई कोर्ट ने एयर इंडिया को आदेश दिया है कि वह यात्री को ?35, 000 मुआवजे के तौर पर दे। यह मामला साल 2002 का है, जब कोलंबो से चेन्नई जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में यात्री को मिलने वाले खाने में बाल मिले थे।

26 जुलाई 2002 को पी. सुंदरापरिपोरनम एयर इंडिया की फ्लाइट आईसी574 से सफर कर रहे थे। फ्लाइट में उन्हें खाना सीलबंद पैक में दिया गया, लेकिन पैक खोलने पर खाने में बाल मिले। इसे देखकर यात्री को घिन महसूस हुई और वे बीमार भी हो गए। फ्लाइट में शिकायत करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई शिकायत बॉक्स नहीं था और स्टाफ ने ध्यान नहीं दिया।

चेन्नई पहुंचने के बाद यात्री ने एयर इंडिया के डिप्टी जनरल मैनेजर को लिखित शिकायत दी। एयर इंडिया ने खेद जताया और जांच का भरोसा दिया। इसके बाद सुंदरापरिपोरनम ने वकील के जरिए नोटिस भेजा और उल्टी-दस्त व पेट दर्द का हवाला देते हुए ?11 लाख मुआवजे की मांग की। एयर इंडिया ने जवाब में माफी मांगी लेकिन कहा कि यह लापरवाही नहीं, बल्कि खाना बनाने वाले होटल की गलती हो सकती है।

एयर इंडिया ने कोर्ट में दावा किया कि खाना चेन्नई के अंबेसडर पल्लवा होटल से मंगवाया गया था, इसलिए जिम्मेदारी होटल की है। कोर्ट ने कहा कि एयर इंडिया खुद अपनी बातों में उलझी हुई है। एक ओर कहती है शिकायत नहीं हुई, दूसरी ओर मानती है कि शिकायत हुई। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि खाने में बाल मिलना एयर इंडिया की लापरवाही है।





कोर्ट ने कानूनी सिद्धांत चीजें खुद बोलती हैं (यानि गलती खुद-ब-खुद साबित होती है) लागू करते हुए कहा कि यात्री को यह साबित करने की जरूरत नहीं कि गलती कैसे हुई। एयरलाइन को यह साबित करना होगा कि उसने पूरी सावधानी बरती। ट्रायल कोर्ट ने पहले ?1 लाख मुआवजा दिया था, जिसे हाई कोर्ट ने घटाकर ?35, 000 कर दिया। कोर्ट ने कहा कि टिकट में खाना शामिल है, इसलिए भले ही खाना होटल से आया हो, जिम्मेदारी एयर इंडिया की ही है।

मद्रास हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि एयर इंडिया चार हफ्तों के भीतर यात्री को ?35, 000 का भुगतान करे। इस फैसले ने साफ कर दिया कि एयरलाइन की जिम्मेदारी केवल सुरक्षित उड़ान तक सीमित नहीं है, बल्कि यात्रियों को मिलने वाले खाने-पीने की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखना भी उसकी जिम्मेदारी है।

## पेशाब कांड पर भड़के शिवपाल बोले 'ये बीजेपी का असली चेहरा, होनी चाहिए जेल'

वाराणसी **(एजेंसी)**। लखनऊ जिले के काकोरी इलाके में दलित बुज़ुर्ग को मंदिर परिसर में जबरन अपमानित कर पेशाब चटवाने जैसी घटना को लेरक अब सियासत तेज हो गई। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने इस घटना की कड़ी निंदा की और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधा। वाराणसी के सकिर्ट हाउस पहुंचे यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा,



'लखनऊ में बुज़ुर्ग के साथ जो हुआ, वह अक्षम्य है। भाजपा और आरएसएस के लोगों का चरित्र यही है। बुज़ुर्ग बीमार थे, यह किसी के साथ भी हो सकता है। यह ऐसी घटना है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। भाजपा का असली चरित्र सामने आ रहा है। ये लोग कहते कुछ हैं और करते कुछ और हैं। देश की जनता को समझना चाहिए कि ये किस तरह के लोग हैं।' उन्होंने कहा, 'भाजपा सरकार धर्म के नाम पर केवल दिखावा करती है। यह सरकार पूरी तरह विफल रही है, लेकिन मीडिया इसका बखान करती रहती है।

वहीं इस घटना को लेकर आप लखनऊ जिलर अध्यक्ष इरम रिज़वी ने कहा कि 'काकोरी की यह घटना न सिफर् एक दलित बुज़ुर्ग का अपमान है, बल्कि प्रदेश की राजधानी के लिए कलंक है। जिस प्रदेश में मंदिरों में जाति पूछकर इंसानियत की हदें तोड़ी जा रही हों, वहां कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज़ नहीं बची।

आम आदमी पार्टी लखनऊ संगठन के साथ हर हाल में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक यह लड़ाई जारी रखेगी।' प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपितों पर एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्वाई की जाए और पीड़ित परिवार को सुरक्षा व उचित मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग की है।

## दीपावली प्रकाश, सदभाव और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व-डीएम

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने दीपावली के पावन अवसर पर मलिन बस्ती, मंगरोहनी में लोगों को मिठाई व फल प्रदान कर, उनके साथ त्योहार की खुशियां बांटी।

ज्ञात हो कि जिलाधिकारी ने मिठाई व फल वितरण के दौरान ग्रामवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि त्यौहार, सामाजिक एकता एवं खुशियों के आदान-प्रदान का पर्व होता है। हम सब को त्योहार की खुशी, सबके बीच साझा करनी चाहिए। उन्होंने सभी से सौहार्द, आपसी प्रेम के साथ त्योहार मनाने की अपील की। दीपावली प्रकाश, सदभाव और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है।

## एसपी ने डेढ़ दर्जन दरोगा सहित कई के कार्यक्षेत्र में किया परिवर्तन

कौशाम्बी। कौशाम्बी एसपी राजेश कुमार ने कानून और व्यवस्था को चुस्त -दुरुस्त करने को लेकर इंस्पेक्टर वीर प्रताप सिंह को थाना सरायअकिल की जिम्मेदारी सौंपी है। एसआई आशुतोष सिंह को क्राइम ब्रान्च भेजा है। थाना अध्यक्ष कड़ा धाम धीरेंद्र सिंह को महेवाघाट थाना प्रभारी बनाया है। त्रिलोकी नाथ पांडेय को पश्चिम शरीरा से हटाकर कड़ा धाम थाना अध्यक्ष बनाया है। कोखराज थाना में एसआई रहे हरीश तिवारी को पश्चिम शरीरा थाना नियुक्त किया है। इसके अतिरिक्त दर्जन भर से अधिक एसआई, हेड कांस्टेबल, कांस्टेबल, महिला कांस्टेबल के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया है।

### हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ कलम दवात, यम द्वितीया पूजन तथा दीपदान अनुष्ठान

# जुड़वा शहर के मंदिरों में रही श्री चित्रगुप्त जयंती समारोह की धूम, आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम

**मंत्र भारत संवाददाता**

अयोध्या। कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को रामनगरी स्थित श्री धर्महरि चित्रगुप्त मन्दिर में संपन्न होने वाला कलम दवात, यमद्वितीया पूजन तथा दीपदान के अनुष्ठान का आयोजन गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ सकुशल संपन्न हो गया।विगत वर्षों की भांति इस बार भी यह आयोजन दो दिवसीय रहा जिसमें पहले दिवस पर वृहद अन्नकूट महोत्सव तथा दूसरे यानी अंतिम दिन कलम दवात, यमद्वितीया पूजन तथा दीपदान का अनुष्ठान आयोजित किया गया।इन दोनों ही दिवस में मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी लेकिन व्यवस्थाएं इतने सलीके से की गई थी कि किसी भी श्रद्धालु को कोई तकलीफ नहीं हुई।मंदिर प्रबंधन की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक बुधवार की दोपहर तकरीबन एक बजे मंदिर में बृहद अन्नकूट महोत्सव की शुरुआत की गई जो देर शाम तक चला रहा।इसी क्रम में अगले दिन यानी गुरुवार की सुबह श्री चित्रगुप्त भगवान का अभिषेक एवं ध्वज पूजन किया गया।इसके बाद श्री चित्रगुप्त भगवान की कथा एवं कलम दवात पूजन तथा दीपदान के बाद प्रसाद वितरण शुरू किया गया जो देर रात तक चलता रहा।

कायाकल्प को निहारते रहे श्रद्धालु। रामनगरी के मीरापुर डेराबीबी स्थित श्री धर्म हरि चित्रगुप्त मंदिर में प्रदेश सरकार की ओर से कराए जा रहे जीर्णोद्धार/कायाकल्प की छटा इस दो दिवसीय समारोह में इस कदर



बिखर रही थी कि मंदिर के अंदर पहुंचने वाले हर श्रद्धालु की नजरे उस पर टिकी रही।मंदिर के बाहरी ओर लाल पत्थर का आवरण, अंदर सफेद पत्थर की चमचमाहट, गर्भगृह का विशाल परिसर और गर्भगृह के चारों ओर परिक्रमा मार्ग पर मूर्तियों की स्थापना बरबस ही श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। चित्रगुप्त मंदिर हैदरगंज में भी रही कार्यक्रम की धूम गुरुवार को शहर के हैदरगंज मोहल्ले में स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में कलम दवात तथा यम द्वितीया महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम की मुख्य यजमान शहर की प्रख्यात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अंजलि श्रीवास्तव रहीं।कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वाह्न साढ़े दस बजे श्री चित्रगुप्त जी के दुग्धाभिषेक के साथ किया गया जिसके बाद स्वजातीय बंधुओं द्वारा सामूहिक रूप से कलम और दवात का पूजन किया गया। महोत्सव के अंत में बड़ी तादाद में पहुंचे श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।मंदिर के पुजारी के.सी. श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शहर के प्रख्यात ईएनटी सर्जन डॉ गौरव श्रीवास्तव तथा प्रख्यात स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ अंजलि श्रीवास्तव को मंदिर का नया ट्रस्टी बनाया गया है।इसी क्रम में अभिषेक श्रीवास्तव तथा विकास सिन्हा को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा इसी के चलते इस बीच मंदिर में श्रद्धालुओं की आमदरफ्त भी बड़ी है।महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के प्रतिष्ठित एवं संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

## भगवान चित्रगुप्त जयंती महोत्सव समाज के लोगों में दिखा उत्साह

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। कायस्थ समाज द्वारा चित्रगुप्त जयंती महोत्सव का आयोजन गुरुवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ विधि विधान से पूजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिला अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि समाज का विकास तभी हो सकता है जब देश का हर नागरिक शिक्षित होगा शिक्षा के बल पर ही आज विकसित राष्ट्र हमें आंखें दिखाने की कोशिश करता है। आज की युवा टीम हर क्षेत्र में तरक्की करके विशिष्ट राष्ट्रों के सामने एक चुनौती खड़ा कर दिया है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि जिस तरह से युवाओं में तकनीकी शिक्षा अध्यात्म शिक्षा की ओर लगाव बढ़ा है उससे लगता है कि भारत आने वाले दिनों में दुनिया भर में अपना डंकाबजाएगा। आर्य परिषद के अजय श्रीवास्तव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं ने काफी उन्नति की है लेकिन संस्कार का अभाव बढ़ता जा रहा है इसके कारण परिवारिक ताना बाना टूट रहा है सामाजिक दूरियों बढ़ती जा रही है। आज जरूरत है बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार का भी ध्यान दिया जाए नहीं तो हमारी सनातन संस्कृति नष्ट हो जाएगा जिसके बल पर हम पूरी दुनिया में सभ्य समाज के रूप में देखें जाते है महामंत्री अशोक खरे ने कहा कि आज हमारा समाज पीछे होता जा रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस तरह के आयोजनों से दूरी बनाते जा रहे है। अगली बार ऐसी आयोजन को और भव्य तरीके से आयोजित किया जाएगा।

## नवविवाहिता का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव, दहेज हत्या का आरोप

कौशाम्बी। जिले में नवविवाहिता का फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। नवविवाहिता की मौत की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मृतका दीपावली का त्योहार मनाकर बुधवार को ही मायके से ससुराल गई थी, सुबह उसकी मौत की सूचना आ गई, मायके पक्ष के लोगों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुटी हुई है।

## मीशो ने सेबी के पास अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया

**मंत्र भारत संवाददाता**

वाराणसी।। भारत में ई-कॉमर्स को चार प्रमुख हितधारकों उपभोक्ताओं, विक्रेताओं, लॉजिस्टिक्स भागीदारों और सामग्री निर्माताओं को एक साथ लाकर आगे बढ़ाने वाले बहुआयामी प्रौद्योगिकी प्लेटफ़ॉर्म मीशो लिमिटेड ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना अपडेटेड ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (यूडीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी शुद्ध आय का उपयोग इनके वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव करती हैः सहायक कंपनी मीशो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए नविश सहायक कंपनी मीशो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किए गए एआई और प्रौद्योगिकी विकास के लिए मशीन लर्निंग और एआई और प्रौद्योगिकी टीमों के लिए मौजूदा और प्रतिस्थापन कर्मचारियों के वेतन का भुगतान; विपणन और ब्रांड पहलों पर व्यय के लिए सहायक कंपनी मीशो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड में निवेश और अधिग्रहण और अन्य रणनीतिक पहलों के साथ-साथ सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के माध्यम से अकार्बनिक विकास को वित्तपोषित करना।

## फिलीपींस में नॉलेज एक्सचेंज मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं श्री जयन्त चौधरी

वाराणसी। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री माननीय श्री जयन्त चौधरी, 20 से 22 अक्टूबर, 2025 तक वर्ल्ड बैंक द्वारा सुगम किए गए एक उच्च स्तरीय नॉलेज एक्सचेंज मिशन के तहत फिलीपींस की यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

### डीएम और एसएसपी ने मातहतों संग किया परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण, दिए निर्देश

## दिव्य दीपोत्सव और दीपावली की सकुशल संपन्नता के बाद अब परिक्रमा की तैयारी शुरू

**मंत्र भारत संवाददाता**

अयोध्या। दिव्य दीपोत्सव और दीपावली का पर्व सकुशल संपन्न होने के बाद जिला प्रशासन की ओर से अब आगामी चौदह कोसी व पंचकोसी परिक्रमा की तैयारियां शुरू कर दी गई है।इसे लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर के साथ परिक्रमा मार्ग स्थित सहादतगंज हनुमानगढ़ी, गुप्तार घाट, उदया चौराहा, राजघाट, झुनकी घाट, नया घाट, हलकारा का पुरवा, चूड़ामणि चौराहा, सूर्यकुंड, जनौरा ओवर ब्रिज, नाका हनुमानगढ़ी तथा मोदहा ओवर ब्रिज आदि का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सफाई व्यवस्था, सड़क की स्थिति, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालयों की दशा तथा सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया।इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परिक्रमा मार्ग का सौंदर्यीकरण और सुगमता सर्वोच्च प्राथमिकता पर है।उन्होंने मौजूद रहे मातहत अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जहां सड़क टूट-फूट की स्थिति में है, उसे तुरंत ठीक कराया जाए। मार्ग के दोनों ओर पर्याप्त मात्रा में डस्टबिन लगाई जाएं और स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिक्रमा मार्ग से संबंधित क्षेत्रों में कार्यशील स्ट्रीट लाइटें सुनिश्चित की जाएं तथा पेयजल व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में वाटर प्वाइंट बनाए जाएं। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी सदर रामप्रसाद तिवारी, तहसीलदार सदर और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# मिशन शक्ति के तहत पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत थाना खेसरहा पुलिस की महिला मिशन केंद्र टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी बांसी सुजीत राय के पर्यवेक्षण में संचालित हुआ। थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम बतौरिया में पहुंचकर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन, साइबर अपराध सुरक्षा तथा एंटी रोमियो अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण, साइबर सुरक्षा एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न



योजनाओं की जानकारी दी गई। टीम ने बताया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या म्बैमिस ुदन.गह पर शिकायत दर्ज करें। इसके अलावा पुलिस टीम ने पेडारी महुलानी मेला में एंटी रोमियो अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 14 युवकों का माफीनामा भरवाया और भविष्य में ऐसी हरकत न करने की कड़ी चेतावनी दी। महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा) की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इस अभियान में उपनिरीक्षक चन्द्रिका प्रसाद मौर्या, हेड कांस्टेबल सत्येन्द्र कुमार सिंह, आरक्षी अरुण कुमार पांडेय, आरक्षी राहुल सिंह, महिला आरक्षी संगीता देवी, अंजली यादव व रम्भा यादव शामिल रहे।

# महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले में सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस टीम ने ग्राम असनहरी असनहरा में चौपाल लगाकर बहू-बेटी सम्मेलन, महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो अभियान और साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न सरकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा कानूनों एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी।यह अभियान पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी बांसी



सुजीत कुमार राय के पर्यवेक्षण में संचालित हुआ।

प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में मिशन शक्ति पुलिस टीम ने चौपाल के माध्यम से महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।पुलिस टीम ने महिलाओं को बताया कि किसी भी प्रकार की उत्पीड़न या साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।सुरक्षा एवं सहायता हेतु जारी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन। टीम ने महिलाओं से कहा कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें, किसी भी संदिग्ध घटना की तुरंत सूचना पुलिस को दें और समाज में नारी सशक्तिकरण की प्रेरणा बनें।

## कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त का विधि विधान से किया पूजा पाठ



**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी में कायस्थ समाज की तरफ से यम द्वितीया के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त जी महाराज के सामूहिक पूजन और हवन का कार्यक्रम गौरी स्टेट स्थित राधाकृष्ण मंदिर परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष श्रीवास्तव भी पहुंचे।

राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में सतीश चंद्र विजय ने पंडित की भूमिका निर्वाहन की और उन्होंने पूजन कार्य संपन्न कराया उसके उपरांत सभी चित्रांश बंधुओं ने पैड और कागज लेकर भगवान श्री राम का नाम लिखकर लिखने का शुभारंभ किया। सामूहिक पूजन के बाद सामूहिक हवन का कार्यक्रम किया गया उसके उपरांत प्रसाद वितरण हुआ।पूजन कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमशंकर श्रीवास्तव, अजय कुमार श्रीवास्तव, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, सतीश चंद्र विजय, मोहित श्रीवास्तव, डॉ सुशील श्रीवास्तव सागर ने भी संबोधित किया। इस दौरान कृष्ण चंद्र श्रीवास्तव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, रवींद्र श्रीवास्तव, अंबिकेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, सात्विक श्रीवास्तव, रूपेश श्रीवास्तव, भरत किशोर श्रीवास्तव, अनिरुद्ध श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, बीरू श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, अमित कुमार, संजय श्रीवास्तव, अभिनेश श्रीवास्तव, सत्येंद्र श्रीवास्तव, शिवांश श्रीवास्तव, शुभ श्रीवास्तव, नवीन कुमार बख्शी, प्रदीप कुमार सहित भारी संख्या में मौजूद रहे।

## नगर पालिका अध्यक्ष सपा कार्यालय पर नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**मंत्र भारत संवाददाता**

सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी के नरकटहा स्थित समाजवादी पार्टी के नगर कार्यालय पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग दो सौ लोगों के आंख का जांच किया गया तथा आंख से संबंधित तमाम बीमारियों का इलाज निशुल्क किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी के साथ पूर्व नपा अध्यक्ष और समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश पटवारी ने कहा कि आम जनमानस को आंख जांच और उसके निःशुल्क इलाज के लिए इस कैंप का आयोजन किया गया है। जिसका लाभ आम आदमी को मिल सके।समाजवादी पार्टी नगर कार्यालय पर हुए निःशुल्क नेत्र शिविर में मोतियाबिंद, नाखूना, जैसे बीमारियों की दवा दी गई। और लोगों को जानकारी दी गई। कैंप में आए लोगों के आंख की जांच नेत्र परीक्षण अधिकारी डा. इज्जत अली, काउंसलर निदा परवीन, एमडी साबीर अली, नेत्र परिक्षण अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव, काउंसलर इमाम असरफ ने किया।



## जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को जनपद के प्रगति/कार्यों से कराया अवगत

**मंत्र भारत संवाददाता**

कौशाम्बी। जिलधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथसे शिष्टाचार मुलाकात कर, उन्हें 51 शक्तिपीठों में से एक, मां शीतला की पवित्र तस्वीर भेंट की। यह मुलाकात बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई। कौशाम्बी जिला, जो अपनी ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत के लिए जाना जाता है, में मां शीतला का मंदिर आस्था का प्रमुख केंद्र है।

जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को मां शीतला की तस्वीर भेंट करते हुए मंदिर के महत्व और वहां होने वाली धार्मिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मां शीतला धाम न केवल स्थानीय श्रद्धालुओं के लिए, बल्कि दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए भी श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है।

मुख्यमंत्री ने मां शीतला धाम के विकास के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कौशाम्बी के सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ऐसे पवित्र स्थलों का संरक्षण और प्रचार-प्रसार राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

जिलाधिकारी ने मुलाकात के दौरान जनपद में चल रहे विकास कार्यों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, पोषण, कृषि और स्वास्थ्य सेवाओं में प्रगति के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या : एनसीआर-सीएच-एलपी-04-2025** **दिनांक : 22.10.2025**

**ई-निविदा सूचना**

चिकित्सा निदेशक, केन्द्रीय चिकित्सालय प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति की ओर से 08.11.2025 को 13:00 बजे निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रपत्र पर सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा ई-निविदा आमंत्रित करते है, निविदा का विवरण इस प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्याः** एनसीआर-सीएच-एलपी-04-2025, **कार्य का नामः** केन्द्रीय चिकित्सालय, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज में वर्ष 2025-27 (दो वर्ष) की अवधि के लिए सर्जिकल एवं कन्जुमेबल आइटम की खुदरा आपूर्ति हेतु नया पंजीकरण। | |
| **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 38,75,090.00 | **बयाना की राशिः** ₹ 77,500.00 |
| **पूर्णता अवधि :** 24 माह | **निविदा खुलने की तिथि :** 08.11.2025 |

**नोटः** (1) सभी निविदाकर्ताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किया जायेगा। (2) निविदा प्रस्ताव को सिंगल पैकेट सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन किया जायेगा। (3) उपरोक्त ई-निविदा की निविदा दस्तावेज़ सहित पूरी जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की नियत तिथि अर्थात 08.11.2025 को 13:00 तक उपलब्ध है। (4) उपरोक्त निविदा के लिए ई-बोली के अलावा अन्य बोलियाँ स्वीकार नही की जायेंगी। इस प्रयोजन के लिए विक्रेताओं को आईटी अधिनियम 2000 के तहत सीसीए द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ आईआरईपीएस वेबसाइट पर खुद को पंजीकृत कराना आवश्यक है। (5) वित्तीय दर पृष्ठ पर दी गयी है और विधिवत डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित दरों पर विचार किया जायेगा। यदि विक्रताओं द्वारा किसी अन्य फर्म/लेटर हेड में दरे और कोई अन्य वित्तीय इकाई संलग्न की जाती है, तो उसे सीधे नजरंदाज कर दिया जायेगा और उस पर विचार नहीं किया जायेगा। (6) यह निविदा सूचना http://www.ncr.indianrailways.gov.in पर भी अपलोड की गयी है। (7) किसी भी कठिनाई के मामले में IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्प डेस्क से संपर्क किया जा सकता है। (8) निविदा ऑनलाइन दिनांक 08.11.2025 को 13:00 तक प्रस्तुत की जा सकती है।

1970/25 (MG)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### 5, 000 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज से होकर गुजरेंगी

# स्टेशन पर डॉग स्क्वायड, बीडीएस के साथ हो रही चेकिंग : सीपीआरओ

## छठ पर्व पर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे चलाएगा 650 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। दीपावली के बाद अब छठ महापर्व को लेकर बड़ी संख्या में महानगरों में रह रहे प्रवासी पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर जा रहे हैं जिसको लेकर भारतीय रेलवे की ओर से भी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं लेकिन लोगों की इतनी ज्यादा भीड़ है कि स्पेशल ट्रेनों में भी लोगों को जगह नहीं मिल पा रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 12 हजार फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का ऐलान किया था। हालांकि इसके सापेक्ष 13 हजार स्पेशल ट्रेनें अब तक नोटिफाई भी हो चुकी है।

उत्तर मध्य रेलवे (नॉर्थ सेंट्रल रेलवे) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ( सीपीआरओ) शशि कांत त्रिपाठी ने आज बताया कि अकेले नॉर्थ सेंट्रल रेलवे की ओर से 650 फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। यह सभी ट्रेनें एनसीआर से या तो ओरिजिनेट हो रही हैं या फिर यहां पर टर्मिनेट हो रही हैं। उन्होने बताया कि नॉर्थ सेंट्रल रेलवे दिल्ली, हावड़ा का सबसे ज्यादा बिजी रूट है। रूट पर पूर्वी यूपी और बिहार जाने वाली ट्रेनों की पासिंग भी हो रही है।सीपीआरओ ने बताया कि करीब 5, 000 ऐसी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें हैं जो प्रयागराज से होकर गुजरेंगी। उन्होंने बताया कि अब तक 2400 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें इस रुट से गुजर भी चुकी हैं।



सीपीआरओ ने बताया कि प्रयागराज में प्रतिदिन 265 रेगुलर ट्रेनें आती है लेकिन छठ महापर्व को देखते हुए सभी ट्रेनें फुल चल रही हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे में 60 दिन पहले रिजर्वेशन होता है लेकिन सभी ट्रेनों में रिजर्वेशन फुल है और नो रूम दिख रहा है।

सीपीआरओ ने बताया कि प्रयागराज जंक्शन स्टेशन से गुजरने वाली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों की अगर हम बात करें तो यहां से गुजरने वाली ट्रेनों में स्लीपर से लेकर जनरल कोच पूरी तरह से फुल चल रहे हैं। जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है। आनंद विहार से कामाख्या जाने वाली ट्रेन जब प्लेटफार्म नंबर - 3 पर पहुंची तो हमने देखा कि स्लीपर कोच में यात्री खचाखच भरे हुए हैं। स्लीपर की हालत जनरल कोच से भी बदतर है। हालांकि कुछ यात्रियों ने यह भी शिकायत की कि कोच में पानी की समस्या है लेकिन ऐसा यात्रियों की भीड़ की वजह से भी हो सकता है कि पानी खत्म हो गया हो। हालांकि रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए काफी इंतजाम किए गए हैं। प्रयागराज जंक्शन स्टेशन की सुरक्षा बढ़ाई गई है। स्टेशन पर लगातार डॉग स्क्वायड और बीडीएस के साथ चेकिंग कराई जा रही है। इसके साथ ही कंट्रोल रूम से भी सीसीटीवी कैमरे की मॉनिटरिंग की जा रही है।

### छठ भजन संध्या की अतिथि होगी महामण्डलेश्वर ममतानंद गिरि

# किन्नर अखाडा के आचार्य महामण्डलेश्वर की अध्यक्षता में होगा कार्यक्रम

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। किन्नर अखाडा की गोरखपुर की महामण्डलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी कंकेश्वरीनंद गिरि (किरन बाबा) महराज आज प्रयागराज में थी। उन्होंने कहा कि किन्नर अखाडा सनातन धर्म के प्रचार - प्रसार और लोगों को जोडकर सनातन धर्म, संस्कृति को मजबूत करने में लगा हुआ है। उन्होने बताया कि सूर्यषष्ठी का महापर्व छठ के अवसर पर गोरखपुर के आश्रम, पीपीगंज, गौरीशंकर मंदिर, टीचर कालोनी में 29 अक्टूबर बुधवार की शाम छह बजे से भजन संध्या होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महराज और विशिष्ट अतिथि किन्नर श्री श्री 1008 श्री यमाई ममतानंद गिरि (ममता कुलकर्णी)है।

किन्नर अखाड़ा की महामण्डलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी कंकेश्वरीनंद गिरि महराज (किरन बाबा) ने आज बताया कि महापर्व छठ पर भजन संध्या के बाद व्यापक स्तर पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बडी संख्या मे क्षेत्रीय लोग परिवार सहित शामिल होकर भजन संध्या का आनंद उठाएगे।



महामण्डलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी कंकेश्वरीनंद गिरि (किरन बाबा) ने बताया कि किन्नर अखाडा सनातन धर्म को और मजबूत, संरक्षित करते हुए बडी संख्या में लोगों को जोड रहा है। आज देश, विदेश मे 50 लाख से अधिक लोग किन्नर अखाडा और सनातन धर्म से जुडकर सनातन धर्म को मजबूत कर रहे है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि किन्नर अखाडा के गठन होने के बाद किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महराज के नेतृत्व में सनातन धर्म का प्रचार - प्रसार देश, देश, विदेश में करते हुए भारतीय संस्कृति को मजबूती मिल रही है।

महामण्डलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी कंकेश्वरीनंद गिरि (किरन बाबा) ने बताया कि किन्नर अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर प्रो (डा) लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी महराज दिल्ली से फ्लाइट से चलकर 28 अक्टूबर को गोरखपुर पहुंच जाएगे।

# बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ प्रयागराज ने 2 साल पूरे किए

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। भारत के प्रमुख फर्टिलिटी एंड आईवीएफ नेटवर्क में से एक, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ ने अपने प्रयागराज सेंटर की दूसरी सालगिरह पर शहर और आस-पास के ज़िलों में जागरूकता अभियान चलाए। मात्र दो वर्षों में यह सेंटर प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, फतेहपुर और आसपास के इलाकों के दंपत्तियों के लिए भरोसेमंद फर्टिलिटी केयर का स्थान बन गया है।

अभिषेक अग्रवाल, सीईओ, बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, ने कहाः 'पिछले दो वर्षों में प्रयागराज में हमारा काम सिर्फ शहर तक सीमित नहीं रहा, बल्कि आसपास के इलाकों में भी फर्टिलिटी केयर की जागरूकता और पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित रहा है।

# उमेश पाल हत्याकांड में अतीक के बेटे उमर को झटका, जमानत अर्जी खारिज

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। सनसनीखेज उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद के बेटे मोहम्मद उमर की जमानत अर्जी विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी एक्ट) राम प्रताप सिंह राणा ने निरस्त कर दी है। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि आपराधिक इतिहास और दर्ज मुकदमों को देखते हुए यह नहीं माना जा सकता है कि वह जमानत पर मुक्त होने के पश्चात भविष्य में कोई अन्य अपराध नहीं करेगा। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश ने अपराध की प्रकृति उसकी गुरुता तथा अपराध में संलिप्तता को देखते हुए जमानत पर छोड़े जाने का पर्याप्त आधार नहीं माना।

मो. उमर की ओर से दिए गए जमानती प्रार्थना पत्र में कहा गया था कि 24 फरवरी 2023 को धूमनगंज थाना क्षेत्र में जब यह घटना घटी, उस वक्त वह जेल में निरुद्ध था। घटना में उसकी कोई भागीदारी नहीं थी, उसे रंजिशन फंसाया गया है। यह भी कहा कि न तो उससे किसी तरह की बरादगी हुई और न ही ऐसा कोई विश्वसनीय साक्ष्य सामने आया है, जिससे उसे सीधे तौर पर संबंधित अपराध से जोड़ा जा सके। मुकदमा लिखाने वाली उमेश पाल की पत्नी जया पाल को जमानत अर्जी की जानकारी दी गई तो उन्होंने जमानत का विरोध किया। वहीं, लोक अभियोजक की ओर से भी जमानत अर्जी निरस्त किए जाने की याचना की गई।

जमानत अर्जी पर न्यायालय में एडीसी विमल पाठक, अखिलानंद द्विवेदी एवं अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बहस की। वादिनी जयपाल की ओर से बहस करते हुए विक्रम सिन्हा एडवोकेट ने अपराध की गंभीरता और आरोपी के संभावित खतरों पर बल दिया। मुकदमे की विवेचना कर रहे एसीपी धूमनगंज ने यह कहते हुए जमानत का विरोध किया कि जमानत मिलने पर साक्षियों को डराने-धमकाने, साक्ष्य को प्रभावित करने के साथ ही अज्ञात स्थान पर भाग जाने की संभावना है।

# पीबी पार्टनर्स ने मेगा हेल्थ बीओपी इवेंट आयोजित किया

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। भारत में पॉइंट-ऑफ-सेल पर्सन्स (पीओएसपी) के लिए अग्रणी डिजिटल प्लेनटफॉर्म, पीबीपार्टनर्स ने अपने सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने और पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से प्रयागराज में एक मेगा हेल्थ बिजनेस ऑपर्च्युनिटी प्रेजेंटेशन (बीओपी) का सफल आयोजन किया। यह मेगा इवेंट पीबीपार्टनर्स के अब तक के सबसे बड़े ऑन-ग्राउंड आयोजनों में से एक है।

नीरज अधाना, नेशनल सेल्स हेड - हेल्थ बीयू, के नेतृत्व में इस पहल का उद्देश्य एजेंट पार्टनर्स को सशक्त बनाना और भारत, विशेष रूप से उभरते बाजारों में बीमा की पहुंच को बढ़ाना था। इसका लक्ष्य नए और मौजूदा एजेंट पार्टनर्स को एक साथ लाना, मजबूत संबंध बनाना, और उनके लिए प्रत्यक्ष संवाद, मार्गदर्शन और प्रेरणा का मंच प्रदान करना था।

meesho

# नगर निगम ने घाटों की सफाई सुगम सुव्यवस्थित व सुचारू रूप से जल्द पूर्ण करेगा : गणेश केसरवानी

**आगामी छठ पूजा से पहले महापौर गणेश केसरवानी ने गंगा एवं यमुना नदी के घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश बचे हुए कार्य को जल्द पूर्ण करने को कहा**

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। गुरुवार को महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने आगामी पावन पर्व छठ पूजा से पूर्व गंगा एवं यमुना नदी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, उनका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और घाट सुव्यवस्थित, सुरक्षित और सुगम हों, महापौर के निर्देशों में घाटों की सफाई, मरम्मत, जल निकासी की व्यवस्था, सुरक्षा और प्रकाश की व्यवस्था आदि के निर्देश दिए । इसके अलावा, उन्होंने छठ व्रतियों के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम और पीने के पानी की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। महापौर के इस कदम से छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को सुविधा होगी और वे सुगमता से पूजा कर सके, निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि लगातार नगर निगम घाटों की सफाई का कार्य तीव्र गति से कर रहा है चाहे व मैन पावर हो या विभिन्न प्रकार के मशीनों के माध्यम से साफ सफाई घाटों की हो रही है पानी का जलस्तर काफी दिनों तक जमा रहने के कारण मिट्टी का जमवाडा ब़हुत अधिक हो गया था उसी कारण नगर निगम अधिक मात्रा में सफाई का कार्य तेजी से करा रहा है, निरीक्षण के दौरान माननीय पार्षद रूद्रसेन जायसवाल, मुकेश लारा, साथ में मनोज मिश्रा, विवेक मिश्रा, अंकुश शर्मा मोनू, हिमालय सोनकर, शुभम वैद्य आयुष पांडेय, जोनल अधिकारी संजय मगमई, अधिशासी अभियंता विद्युत सौरभ, अवर अभियंता सिविल राम सक्सेना, अवर अभियंता विद्युत राहुल शुक्ला, आदि क्षेत्रीय नागरिक गण उपस्थित रहे ।



# देश, समाज का नाम रोशन करेंगी सम्मानित प्रतिभाएं : न्यायमूर्ति

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। पांच दिवसीय दीपोत्सव के क्रम में गुरुवार को यम द्वितीया का पर्व श्रद्धा, उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर चित्रगुप्तजी व कलम-दवात का विधिविधान से पूजन किया गया। कायस्थ पाठशाला की ओर से केपी कम्यूनिटी सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अजीत कुमार और अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने 10वीं से लेकर परास्नातक तक के मेधावियों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में पल्लवी श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, अक्षत श्रीवास्तव, उर्वी श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि पुरस्कृत प्रतिभाएं न केवल अपने विद्यालय बल्कि परिवार, समाज व देश को नाम भी रोशन करेंगी। छात्र-छात्राएं ध्रुव और भक्त प्रह्लाद की कहानियों से प्रेरणा लें। स्वागत केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी राघवेन्द्र नाथ सिंह और आभार ज्ञापन केपी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र सिंह ने किया। सम्मान समारोह से पूर्व केपी कम्युनिटी के पास स्थित चित्रगुप्त मंदिर में पं. अवधेश कुमार श्रीवास्तव के आचार्यत्व में मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक कलम-दवात और चित्रगुप्त का पूजन-अर्चन किया गया। मुख्य यजमान केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष चौधरी राघवेन्द्र नाथ सिंह और केपी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष चौधरी जितेन्द्र नाथ सिंह ने हवन-पूजन कर विश्व कल्याण व कायस्थ पाठशाला की समृद्धि की कामना की। केपी ट्रस्ट के प्रवक्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव, एसडी कौटिल्य, रवि श्रीवास्तव, कुलदीप नारायण श्रीवास्तव, अजय कुमार सोनू, रमेश श्रीवास्तव,प्रशांत श्रीवास्तव, शिव कृष्ण श्रीवास्तव, अजय खरे आदि मौजूद रहे। चित्रगुप्त वंशज सभा ने मेधावियों को किया पुरस्कृत चित्रगुप्त वंशज सभा से संबद्ध स्वामी विवेकानंद समिति की ओर से तिलक नगर अल्लापुर स्थित एक होटल में सामूहिक कलम-दवात पूजन और सम्मान समारोह होगा।

### रमार्थ निकेतन आये डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल एवं विदेशी छात्रों का दल विद्यार्थियों को स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने दिये अमूल्य जीवनमूल्यों का संदेश

# सफलता, प्रसन्नता और प्रपन्नता यही जीवन की त्रिवेणी : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज/ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में डीएसबी इंटरनेशनल स्कूल और विदेशी छात्रों का दल आया। उन्होंने विश्वविख्यात गंगा आरती में सहभाग किया। छात्रों के दल ने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष, स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी से भेंट कर अपनी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। छात्रों को जीवन के उद्देश्य, अनुशासन और आत्मसंयम के साथ जीने की प्रेरणा दी।

स्वामी जी ने कहा कि शिक्षा केवल जानकारी नहीं देती, वह जीवन को दिशा भी देती है। शिक्षा के साथ विद्या आवश्यक है, जो विनम्र, संवेदनशील और जागरूक बनाती है। शिक्षा सफल बनाती है, पर विद्या सार्थक बनाती है।

स्वामी जी ने कहा कि आज का समय डिजिटल युग है ऐसे में सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक रूप में किया जाना चाहिए। उन्होंने छात्रों से कहा कि सोशल मीडिया पर जाना अच्छी बात है, परन्तु उस पर इतना समय व्यतीत न करें कि आपको उसके अलावा कुछ और दिखाई न दे। वह लत न बने। अपने समय का सदुपयोग करें, मोबाइल फास्टिंग और डिजिटल डिटॉक्स अपनाएँ।

स्वामी जी ने युवाओं को संदेश दिया कि कम खाएँ, गम खाएँ और नम जाएँ ये जीवन के तीन मूलमंत्र है। जीवन में संयम ही सच्ची सम्पन्नता है। 'कम खाएँ' अर्थात् आहार में संतुलन, 'गम खाएँ' अर्थात् कठिनाइयों में धैर्य से काम लें और 'नम जाएँ' अर्थात् अहंकार को त्यागकर विनम्र बनें यही जीवन का सच्चा योग है।

स्वामी जी ने कहा कि जीवन के तीन आयाम हैं आहार, विहार और व्यवहार। शुद्ध आहार, शुद्ध विचार और सरल व्यवहार यही है जीवन का आधार। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपने खानपान, जीवनशैली और व्यवहार में सादगी, संवेदना और सत्यता लाएँ।



स्वामी जी ने कहा कि सफलता, प्रसन्नता और प्रपन्नता जीवन की त्रिवेणी है। जीवन में सफलता आवश्यक है, पर केवल सफलता ही पर्याप्त नहीं। कई बार लोग सफल हो जाते हैं, पर प्रसन्न नहीं रह पाते। सफलता हमारा प्रभाव बढ़ाती है, पर प्रपन्नता (ईश्वर में समर्पण) हमें प्रभु भाव में जीना सिखाती है, यही शांति का द्वार है।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में तीनों का समन्वय सफलता, प्रसन्नता और प्रपन्नता होना चाहिए। इन तीनों के संगम से ही जीवन में संतुलन, स्थिरता और आनंद संभव है।

स्वामी जी ने युवाओं से कहा कि वे भारतीय संस्कृति की गहराई को समझें और आधुनिकता के साथ अध्यात्म का संगम करें। भारत की युवा शक्ति विश्व की दिशा बदल सकती है, पर उसके लिए आत्मसंयम, सत्य और सेवा का पथ अपनाना आवश्यक है। सोशल मीडिया और तकनीक का उपयोग करें, पर उनके द्वारा नियंत्रित न हों। अपने विचारों को स्वच्छ, हृदय को सरल और कर्म को ईमानदार बनाएं।

उन्होंने कहा कि हर युवा को प्रतिदिन कुछ घन्टे और सप्ताह में कम से कम एक दिन 'मोबाइल फास्टिंग' करनी चाहिए। उस समय को आत्मसंवाद में लगाये और स्क्रीन से नहीं, स्वयं से जुड़ें।

साध्वी भगवती सरस्वती जी से छात्रों ने अपनी आध्यात्मिक जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सबसे बड़ी उपलब्धि अपने भीतर के सत्य को पहचानना है। आज का युग चुनौतियों का युग है, पर भीतर की शांति, स्थिरता और करुणा से हम हर चुनौती का समाधान पा सकते हैं।

सभी विद्यार्थियों ने विश्वविख्यात गंगा आरती में सहभाग कर भारत की आध्यात्मिक परंपरा का अनुभव किया। गंगा तट पर दीपों की लौ, मंत्रों की ध्वनि और श्रद्धा की तरंगों ने वातावरण को पवित्र बना दिया। सभी विद्यार्थियों को अद्भुत आनंद की अनुभूति हुई।

# सरेराह हत्या में अतीक अहमद का गैंग शामिल? लापरवाही में चौकी इंचार्ज सस्पेंड

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। जनपद में दो दिन पहले ईंट पत्थर से कूचकर सरेराह रविंद्र पासी उर्फ मुन्नू पासी की हत्या के मामले में पुलिस कमिश्नर जोगिंदर कुमार ने ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है जबकि धूमनगंज थाना प्रभारी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिया है। इस मामले में अब अतीक अहमद गैंग के शामिल होने का अंदेशा जताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार अतीक अहमद के गढ़ मरियाडीह के दबंग युवकों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया है। युवक की हत्या के बाद जमकर बवाल हुआ था। आक्रोशित लोगों ने तोड़फोड़ करते हुए चक्काजाम और धरना प्रदर्शन किया था।

गौरतलब है कि मंगलवार को मुंडेरा में पेट्रोल पंप के पास पेट्रोल लेने के विवाद के बाद 47 वर्षीय मुन्नू पासी की हत्या कर दी गई थी। मृतक मुन्नू पासी रोडवेज में संविदा बस चालक था। पुलिस सूत्रों के अनुसार पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के बाद हुए विवाद के बाद हत्या कर दी गई थी। मामले में धूमनगंज थाना पुलिस ने सात नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। पुलिस की सात टीमें फरार अभियुक्त की तलाश कर रही हैं।



पुलिस कमश्निर जोगिंदर कुमार ने बुधवार को खुद पुलिस फोर्स के साथ मरियाडीह में दबिश दी थी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि हत्यारोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी किसी को बख्शा नही जायेगा। गिरफ्तारी नहीं होने पर कोर्ट के आदेश से कुर्की की कार्रवाई भी की जाएगी। मुन्नू पासी के छोटे भाई ने कहा कि 15 दिन पहले ही उन लोगो ने ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी को लिखित दिया था कि कुछ दबंग उसके भाई को परेशान कर रहे है। बावजूद चौकी इंचार्ज ने कोई कार्रवाई नही की। इसके बाद भाई की मंगलवार को दिनदहाड़े हत्या कर दी गई।

नीमसराय निवासी 40 वर्षीय रविंद्र उर्फ मुन्नू सोमवार की दोपहर किसी काम से घर से निकला था। मुंडेरा के समीप कुछ युवकों का रविंद्र से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। युवकों ने रविंद्र की ईंट पत्थर से बेरहमी से पिटाई कर मौत के घाट उतार दिया। मारपीट की सूचना पर परिजन पहुंचे, तो रविंद्र खून से लथपथ बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। परिजन आनन-फानन में उसे एसआरएन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वारदात से गुस्साए परिजन व स्थानीय लोगों ने चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। कई गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की गई। लोगों ने हत्यारोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। लोगों के हंगामे की सूचना पर कई थाने की पुलिस और पीएसी फोर्स पहुंच गई। किसी तरह लोगों को समझाया जा सका।

### बहनों ने मंत्री नन्दी को तिलक लगाकर दिया आशीर्वाद

# मंत्री नन्दी ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के घर जाकर की मुलाकात

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने गुरुवार को भैया दूज के पावन अवसर पर अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के कीडगंज इलाके में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के घर जाकर परिवारजनों से मुलाकात करते हुए सभी को पांच पर्वों के महापर्व दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बहनों ने भाई-बहन के परस्पर प्रेम, अटूट विश्वास, समर्पण एवं पवित्र रिश्ते के प्रतीक पर्व 'भाई दूज' के पावन अवसर पर तिलक लगाकर मंत्री नन्दी को अपना आशीर्वाद दिया।

मंत्री नंदी ने कहा कि भाई-बहन का यह अटूट बंधन हमेशा प्रेम, स्नेह और खुशियों से भरा रहे, ईश्वर से यही प्रार्थना है। भाई दूज का यह पर्व हमारे रिश्तों को और भी मजबूत बनाता है और हमें एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार और सम्मान को व्यक्त करने का मौका देता है।

मंत्री नन्दी ने कीडगंज निवासी शंकर लाल केसरवानी, राहुल केसरवानी, पीयूष जायसवाल, अंकुर जायसवाल, नील कमल श्रीवास्तव, अनिल कुमार अरोरा, राजशेखर जोशी, सुधीर कुमार वर्मा, श्रीमती रीना साहू, रीना जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, शलभ जायसवाल के घर जाकर परिवारजनों से मुलाकात करते हुए सभी का कुशलक्षेम जाना।



इस अवसर पर भाजपा महानगर उपाध्यक्ष अनिल केसरवानी झल्लर, मंडल अध्यक्ष कीडगंज कबीर जायसवाल, मंडल अध्यक्ष चौक सुमित वैश्य, मंडल अध्यक्ष मीरापुर गया निषाद, मंडल अध्यक्ष मुट्ठीगंज परमानंद वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोरी लाल जायसवाल, राघवेंद्र मिश्रा, अंकुर जायसवाल, रमेश केसरवानी, लालू मित्तल, मनोज गुप्ता एवं अन्य गणमान्यजन मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### क्या अमेरिका ने एच1बी वीजा नियमों में लिया यू-टर्न? अब नहीं देना पड़ेगा भारी शुल्क, ट्रंप के नए ऐलान से राहत

करीब एक महीने पहले जब अमेरिका ने आप्रवासन नीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए एच1बी वीजा और उसके लिए शुल्क में भारी फेरबदल कर दिया था, तभी से जमीनी स्तर पर उसके असर और खुद अमेरिका को प्रकारांतर से उससे होने वाले नुकसानों को लेकर आशंकाएं जताई जाने लगी थीं। हालांकि तब भी यह उम्मीद की गई थी कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते कुछ समय से अमेरिका के हित के नाम पर जिस तरह के फैसले कर रहे हैं, उसमें संभव है कि एच1बी वीजा के संबंध में घोषित नए नियमों की जटिलता और उसके व्यापक असर को देखते हुए फिर किसी बदलाव की गुंजाइश बने।

जब एच1बी वीजा के लिए एक लाख डालर शुल्क लगाने की घोषणा हुई, तो उस पर खासा विवाद शुरू हो गया और इस फैसले के लिए दुनिया भर में ट्रंप की आलोचना होने लगी, तब इस फैसले में बदलाव करके कुछ राहत दी गई कि नया शुल्क नए आवेदकों के लिए होगा। यह वहां वर्षों या दशकों से रह रहे अन्य देशों के प्रवासियों लिए थोड़ी राहत की बात थी, लेकिन इसे लेकर कई आशंकाएं बनी रहीं कि आने वाले दिनों में इसका व्यवहार में कैसा असर पड़ेगा।

एक समस्या यह भी खड़ी हुई थी कि शुल्क की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन उसमें किसी तरह की छूट आदि के बारे में स्पष्ट नहीं किया गया था। यही वजह थी कि इस नए नियम से प्रभावित होने वाले लोगों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। अब ट्रंप प्रशासन ने इस संबंध में कुछ बिंदुओं को स्पष्ट किया है कि किन्हें यह शुल्क देना होगा, उसे चुकाने की प्रक्रिया क्या होगी और इसमें छूट के लिए आवेदन कैसे किए जा सकेंगे। अमेरिकी नागरिकता तथा आव्रजन सेवा यानी यूएससीआइएस की ओर जारी नए दिशानिर्देशों के तहत यह शुल्क सभी आवेदकों को नहीं देना होगा।

जिन आवेदकों ने अपनी स्थिति में बदलाव कराने या अमेरिका में प्रवास या अपनी वीजा अवधि बढ़वाने का आवेदन किया है, उन्हें भी यह अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। इस आदेश में एच1बी वीजा धारक के अमेरिका में आने-जाने पर प्रतिबंध नहीं है। इसका व्यवहार में असर इस रूप में सामने आएगा कि अगर कोई आवेदक किसी दूसरे वीजा, मसलन अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए एफ1वीजा, अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एल1वीजा पर अमेरिका में दाखिल होता है और वहीं रहते हुए एच1वीजा हासिल करता है, तो उसे नया अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा।

इस नई घोषणा के बाद वहां एच1बी वीजा के दायरे में आने वाले एक बड़े वर्ग और खासतौर पर भारत से वहां गए लोगों के बीच काफी राहत महसूस की जा रही है। गौरतलब है कि इस वीजा के लिए सबसे ज्यादा भारत के ही लोग आवेदन करते हैं। पिछले वर्ष कुल स्वीकृत एच1बी वीजाधारकों में से सत्तर फीसद भारतीय मूल के कर्मचारी थे।

यों भी, भारत से अमेरिका जाने वाले पेशेवरों की संख्या अन्य देशों के लोगों के मुकाबले ज्यादा है। दरअसल, यह समूचा विवाद अमेरिका में अन्य देशों से पहुंचे पेशेवरों से जुड़ा मसला है, जो स्थानीयता और अमेरिकियों के बीच अवसरों के मुद्दे से जोड़ दिया गया है। मगर समय के साथ खुली अर्थव्यवस्था के एक ढांचे के रूप में विकसित होती दुनिया में अमेरिका को उदार रुख अपनाते हुए एक ठोस नीति तक पहुंचना चाहिए। सिर्फ बाहरी माने जाने वाले लोगों पर शिकंजा कस कर या उन्हें बाहर करने का अभियान चला कर वह अमेरिकियों का भला नहीं कर सकता।



# थाली आधी भरी, पेट खाली - क्या कभी खत्म होगी दुनिया से भूख की कहानी? 29.5 करोड़ लोगों के पास एक वक्त का भी खाना नहीं

आजादी के कई दशक बाद भी भुखमरी खत्म नहीं हुई है। जबकि बीते करीब आठ दशक से देश इस समस्या को खत्म करने का प्रयास कर रहा है। फिर भी पूरी तरह सफलता नहीं मिली है। भले हम विकास के कितने भी दंभ भरें या यह कहें कि हमने तकनीक के मामले में कितनी सफलता हासिल कर ली है। मगर बहुत सारे लोगों के खाली पेट आज भी एक ऐसी सच्चाई है, जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। हालांकि भुखमरी की समस्या से केवल भारत ही नहीं जूझ रहा है, बल्कि दुनियाभर के लिए यह एक वैश्विक समस्या बन गई है।

वैश्विक खाद्य संकट पर 2025 की एक रपट के मुताबिक, दुनिया में 29.5 करोड़ लोग आज भी ऐसे हालात में जी रहे हैं, जहां उनके लिए एक वक्त का खाना भी जुटा पाना मुश्किल है। यह विचारणीय है कि इक्कीसवीं सदी में भी करोड़ों लोग भूखे क्यों जीवन गुजारते हैं? जबकि हर दिन लगभग एक अरब थालियों के बराबर खाद्य सामग्री बर्बाद कर दी जाती है। यह एक सच्चाई है कि जब दुनिया तकनीक, अंतरिक्ष यात्रा और कृत्रिम मेधा (एआइ) के साथ नई ऊंचाइयों को छू रही है, तब भी करोड़ों लोगों को भरपेट भोजन नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान समय में प्रत्येक देश विकास के पथ पर आगे बढ़ने का दावा करता है। अल्पविकसित देश विकासशील देश बनना चाहते हैं, तो वहीं विकासशील देश विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होना चाहते हैं। इसके लिए वहां की सरकारें प्रयास भी करती हैं और विकास के संदर्भ में अपनी उपलब्धियां गिनाती हैं। यहां तक कि विकास दर के आंकड़े से यह अनुमान लगाया जाता है कि कोई देश किस तरह विकास कर रहा है और कैसे आगे बढ़ रहा है। जब कोई ऐसा आंकड़ा सामने आ जाए जो यह बताए कि अभी तो देश 'भूख' जैसी 'समस्या को भी हल नहीं कर पाया है, तब विकास के आंकड़े सवालों के घेरे में लगते हैं।




यह कैसा विकास है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को भोजन भी उपलब्ध नहीं है। बड़ा सवाल है कि दुनिया में आधुनिक तकनीक एवं विज्ञान के सहारे जब भुखमरी के आंकड़े उजागर हो सकते हैं, तो ऐसी तकनीक क्यों नहीं विकसित होतीं जो भुखमरी को रोक सके। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मसले पर गहराई से नजर रखने वाली संस्थाओं, विशेषज्ञों और प्रौद्योगिकी सहित उच्च स्तर की कई व्यवस्था मौजूद हैं, तो इसके दूरगामी हल के लिए ठोस नीतियां क्यों नहीं तैयार हो पातीं? क्यों नहीं भुखमरी पर नियंत्रण पाया जाता? जाहिर है यह समस्या लगातार गंभीर होती गई है।

हम अब भी दुनिया को भुखमरी, खाद्य असुरक्षा और कुपोषण से छुटकारा दिलाने के लक्ष्य की दिशा में वांछित रफ्तार से काफी पीछे हैं। दुनिया में स्वस्थ आहार तक पहुंच भी एक गंभीर मुद्दा है, जो दुनिया की एक बड़ी आबादी को प्रभावित कर रहा है। साफ है, भूख की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए अभी लंबा रास्ता तय करना बाकी है।

मगर गौर करने वाली बात यह है कि एक ओर घरों में रोज रात का बचा हुआ खाना बासी समझ कर सुबह फेंक दिया जाता है, तो वहीं दूसरी ओर लाखों लोग ऐसे भी हैं जिन्हें एक वक्त का खाना तक नसीब नहीं होता। कमोबेश हर विकसित और विकासशील देश की यही कहानी है। दुनिया में पैदा किए जाने वाले खाद्य पदार्थों में से करीब आधा हर वर्ष सड़ कर बेकार हो जाता है।

भारत में भी केंद्र और राज्य सरकारें खाद्य सुरक्षा के लिए तमाम योजनाएं चला रही हैं। मगर इनका पूरा लाभ गरीबों तक अब भी नहीं पहुंच पाता है। यही वजह है कि बड़े पैमाने पर लोगों को खाना नसीब नहीं हो रहा है। यह विडंबना ही है कि देश में अन्न का भंडार होने पर भी बड़ी संख्या में लोग भुखमरी के शिकार होते हैं। अगर इसके कारणों की पड़ताल करें, तो केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय की कमी, अकुशल नौकरशाही, भ्रष्ट तंत्र और भंडारण क्षमता के अभाव जैसे कारक सामने आते हैं।

यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है और सरकार इसका हल खोज पाने में असफल रही है। यह ऐसे देश की तस्वीर है जहां दुनिया के सबसे ज्यादा अमीर लोग रहते है, उनके पास इतना पैसा है कि पूरे देश में खुशहाली लाई जा सकती है, लेकिन गरीब जीने के लिए बुनियादी आवश्यकताएं भी पूरी नहीं कर सकता है।

फिर भी यहां भुखमरी और गरीबी पर गौर करना जरूरी नहीं समझा जाता। यही वजह है कि सरकार की तमाम नीतियां सवालों के घेरे में आ जाती हैं। यह सरकार के विकास के तौर-तरीकों पर भी सवाल है। यह वस्तुस्थिति आर्थिक प्रगति का दावा करने वाले अब तक के सभी सरकारी दावों पर सवाल खड़ा कर रही है। विकास के इस भयावह असंतुलन को दूर करने के लिए नीतियों और प्राथमिकता में बदलाव की जरूरत है। भारत की यह विरोधाभासी छवि सोचने पर बाध्य कर देती है।

देश में भुखमरी मिटाने पर जितना धन खर्च हुआ, वह कम नहीं है। केंद्र सरकार के प्रत्येक बजट का बड़ा हिस्सा आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए आबंटित किया जाता है, लेकिन अपेक्षित परिणाम दिखाई नहीं पड़ते। ऐसा लगता है कि प्रयासों में या तो प्रतिबद्धता नहीं है या उनकी दिशा ही गलत है। ऐसे में भारत जो वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने का सपना देख रहा है, उसे सबसे पहले भूख पर विजय प्राप्त करनी होगी। यह सुनिश्चित करना होगा कि देश में एक भी व्यक्ति भूखा नहीं सोए। साथ ही उससे जुड़े अन्य पहलुओं पर भी समान रूप से नजर रखी जाए। खाद्यान्न सुरक्षा तभी संभव है, जब सभी लोगों को पर्याप्त, सुरक्षित और पोषक तत्वों से युक्त खाद्यान्न मिले।

भूख आज भी दुनिया के सामने सबसे बड़ी समस्या है। इसकी व्यापकता हर साल नए आंकड़ों के साथ हमारे सामने आती है, जिससे पता चलता है कि विश्वभर में भूख की समस्या कितनी गंभीर है। ऐसा नहीं है कि दुनिया के कई देशों में इसके लिए जरूरी संसाधनों की कोई कमी है। समस्या इच्छाशक्ति और सबसे ज्यादा आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण की है। आज हर देश विकास के पथ पर आगे बढ़ने का दावा करता है। अल्पविकसित देश विकासशील देश बनना चाहते हैं, तो वहीं विकासशील देश विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होना चाहते हैं।

इसके लिए उनकी सरकारें प्रयास भी करती हैं और विकास के संदर्भ में अपनी उपलब्धियां गिनाती हैं। यहां तक कि विकास दर के आंकड़े से अनुमान लगाया जाता है कि कोई देश किस तरह विकास कर रहा है और कैसे आगे बढ़ रहा है? ऐसे में जब कोई आंकड़ा यह बताए कि अभी तो देश 'भूख' जैसी 'समस्या को भी हल नहीं कर पाया है, तब विकास के आंकड़े सवालों के घेरे में लगते हैं। यह कैसा विकास है जिसमें लोगों को भोजन भी उपलब्ध नहीं है?

# सोचिए आखिरी बार आपने क्या नया सोचा था? वह जीवन क्या जब हर दिन कुछ नया न सोचें, न करें

जीवन कल्पनाओं, विचारों और कर्मों की एक सतत श्रृंखला का दूसरा नाम है। निस्संदेह जीवन सीमित और अनिश्चित है, लेकिन इस सीमित यात्रा में ही हमें विभिन्न प्रकार की परिस्थितियों, दशाओं, अवसरों और समस्याओं से भी परिचित होना पड़ता है। रचनात्मकता एक ऐसा गुण है जो हमारे जीवन को एक सुंदर आकार में ढालते हुए प्रगति की ओर अग्रसर करता है। रचनात्मकता का अर्थ है- कर्म या विचार को लेकर नवीनता उत्पन्न करने की क्षमता। किसी ऐसे विचार का सृजन करना, जो मौलिक हो और पूर्व में मौजूद न हो या फिर उस विचार की परिणति किसी ऐसे कर्म में कर देना, जो पहले घटित न हुआ हो, यह सब कुछ रचनात्मकता की परिधि के अंतर्गत आता है। रचनात्मकता कोई साधारण गुण नहीं है, बल्कि इसमें सामान्य को विशेष में रूपांतरित करने की असीम शक्ति होती है। रचनात्मकता हमें समस्याओं का सटीक समाधान खोजने में सहायता करती है और साथ ही जीवन को एक बेहतर नजरिए से देखने में सक्षम और समर्थ बनाती है।

वर्तमान समय कौशल और दक्षता का समय है और ये दोनों गुण बिना रचनात्मकता के विकसित नहीं हो सकते। रचनात्मकता एक ऐसी शक्ति है, जो विचारों को नया आकार देते हुए कला, साहित्य, विज्ञान या किसी बड़े सामाजिक परिवर्तन में रूपांतरित कर सकती है। हम जरा किसी दिन अपनी दिनचर्या पर गौर करें और रात्रि विश्राम के समय अपनी पूरे दिन की गतिविधियों का आकलन करते हुए यह विचार करें कि हमने आज क्या नया सोचा है, क्या नया सीखा है या क्या नया किया है।

अगर इन सभी प्रश्नों का उत्तर हमारे अंतःकरण के द्वारा 'नहीं' के रूप में दिया जाता है, तो कहीं न कहीं हमारा जीवन सार्थकता से दूर जा रहा है। रचनात्मकता से विहीन जीवन पूर्णतया निरुद्देश्य और निरर्थक होता है। रचनात्मकता जीवन को नीरसता और नीरवता से बाहर निकाल कर अर्थपूर्ण तथा नादपूर्ण बनाती है। मनोविज्ञान के अनुसार, रचनात्मकता मानवीय बुद्धि का सर्वोच्च रूप है। यह विश्लेषणात्मक सोच, कल्पना, संवेदना और अनुभव का संगम है। अगर हम गंभीरता के साथ विचार करें तो निष्कर्ष यह निकलेगा कि हमारा जीवन भी प्रकृति की रचनात्मकता का ही परिणाम है। निश्चित रूप से ऐसे जीवन में, जो स्वयं रचनात्मकता से ही उत्पन्न हुआ है, रचनात्मकता का महत्त्व क्या और कितना होगा, इसे शब्दों में कदापि वर्णित नहीं किया जा सकता।

हमारे अंतर्मन में रचनात्मकता की भावना तभी उत्पन्न हो सकती है, जबकि हम पूर्णरूपेण स्वतंत्रता, तर्कशीलता और जिज्ञासा के भावों से ओतप्रोत हों। रचनात्मक व्यक्ति केवल बाहरी सफलता ही नहीं अर्जित करता, बल्कि आंतरिक संतोष भी प्राप्त कर लेता है। अपने भीतर कुछ विशिष्ट होने का भाव उसे आत्मविश्वास की अनुभूति प्रदान करता है, तनाव से मुक्ति देता है और उसके अंतस में जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करता है।

रचनात्मक लोग जीवन की प्रत्येक परिस्थिति को अपने अनुकूल ढालने में सक्षम और समर्थ होते हैं, क्योंकि उनके अंदर समस्या को अवसर और समाधान में रूपांतरित करने की असीम तथा अद्भुत क्षमता होती है। साहित्य, कला, विज्ञान और सामाजिक परिदृश्य- इन सबकी प्रगति की आधारशिला रचनात्मकता में ही निहित होती है। रचनात्मकता नैतिकता और आध्यात्मिकता के साथ भी गहराई से संबद्ध होती है। ऐसे व्यक्ति के अंदर मानवीय मूल्य और सद्गुण उच्च स्तर तक विकसित हो जाते हैं। उसके व्यक्तित्व में अवगुणों के लिए कोई स्थान शेष नहीं रहता। संवेदनशीलता, सहिष्णुता और सकारात्मक दृष्टिकोण बिना रचनात्मकता के विकसित नहीं हो सकते। अपने अंदर रचनात्मकता का गुण विकसित करने के लिए हमें प्रत्येक वस्तु, स्थिति और परिस्थिति के संबंध में प्रश्न और जिज्ञासा से परिपूर्ण दृष्टिकोण निर्मित करना होगा। तर्कपूर्ण और पक्षपातरहित आकलन तथा मूल्यांकन हमें रचनात्मकता की ओर अग्रसर करते हैं।

अपने अंतर्मन को शांत अवस्था में रखते हुए हमें गहन चिंतन और अवलोकन के भाव के साथ जीवन को नवीन दिशा देने का प्रयास करना चाहिए। रचनात्मकता एक आत्मिक साधना है, क्योंकि इसके द्वारा अंतःकरण में छिपे हुए भाव और कौशल निखर कर बाहर आ जाते हैं। दूसरे शब्दों में अगर यह कहा जाए कि रचनात्मकता के माध्यम से हम आत्मसाधना करते हुए स्वयं से जुड़ने का एक सुअवसर प्राप्त करते हैं, तो इसमें कुछ गलत न होगा। रचनात्मकता जीवन में न केवल सौंदर्य का संचार करती है, बल्कि इसे नवीन दिशा और ऊर्जा भी देती है। यह व्यक्ति को जीवंत रखती है, समाज को प्रगतिशील बनाती है और मानवता को उन्नति के पथ पर आगे बढ़ाती है। अगर जीवन में रचनात्मकता न हो, तो वह महज एक छोटी सी दिनचर्या बनकर रह जाएगा। उस जीवन में न तो कोई उत्साह होगा और न ही उसका कोई अर्थ सिद्ध होगा। रचनात्मकता ही वह तत्त्व है, जो वास्तव में हमें जीवित होने का भाव अनुभव कराती है।

रचनात्मकता जीवन का शाश्वत भाव है। यह जीवन में विद्यमान ऐसी सृजनशील धारा है, जो निरंतर बहती रहती है। यह मनुष्य को यांत्रिक अस्तित्व से ऊपर उठा कर चेतन अस्तित्व की ओर ले जाती है। जिस क्षण हम शब्द, विचार या कर्म से किसी भी रूप में सृजन या रचना करते हैं, उसी क्षण हम जीवन के वास्तविक अर्थ को जीते हैं। रचनात्मकता का उद्देश्य है- अपने विचारों, कार्यों और संबंधों में जीवंतता का नवीन प्रकाश उत्पन्न करना। रचनात्मक व्यक्ति का जीवन केवल एक घटना मात्र नहीं होता, बल्कि एक सफल, सार्थक और सकारात्मक उत्सव की भांति होता है। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि रचनात्मकता ही जीवन की आत्मा है और बिना इसके जीवन नितांत अर्थहीन है।

# स्मोकिंग ने छीन ली है फेफड़ों की जान, ये आसान योग देंगे उन्हें नई जिंदगी, करें ट्राई

सिगरेट-बीड़ी पीने से फेफड़ों में जहरीला धुआं भर जाता है, जिस कारण सांस लेने की क्षमता कम हो जाती है। ऐसे में बहुत से लोग हैं, जिनको घुट-घुटकर सांस आती है। वहीं कम सांस आने का मतलब है कि आपके फेफड़े बीमार हैं। सांस कम आने से कई नुकसान होते हैं, जैसे - दिल पर दबाव बढ़ना, जल्दी थकान महसूस होना, दिल का जल्दी थक जाना, फेफड़ों पर बोझ, मानसिक तनाव, दिमाग पर असर और गंभीर बीमारी आदि के संकेत शामिल हैं।

आपको बता दें कि फेफड़े करीब 6 लीटर हवा को पकड़ सकते हैं, जिसको टोटल लंग कैपेसिटी कहा जाता है। वहीं इसका मतलब यह है कि जब हम पूरी सांस अंदर लेते हैं, तो फेफड़ों में कुल इतनी हवा समा सकती है, जितनी की एक सामान्य वयस्क एक मिनट में 12 से 15 सांसे लेता है। लेकिन स्मोकिंग करने और एक्सरसाइज न करने और अन्य कई कारणों से फेफड़ों की सांस लेने की क्षमता धीरे-धीरे कम होने लगती है। जिस कारण डायाफ्राम कमजोर हो जाती है और फेफड़ों की लोच घट जाती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको ऐसे आसन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको करने से आप फेफड़ों के सांस लेने की क्षमता को बढ़ा सकते हैं।

इसको करने से फेफड़े मजबूत होते हैं। इस आसन को करने के लिए सांस को थोड़ी देर तक रोककर रखा जाता है। सबसे पहले ध्यान मुद्रा में बैठें और रीढ़ को सीधा रखें। फिर 4 सेकेंड तक सांस अंदर लें और फिर 8 सेकेंड तक सांस रोककर रखें। इसके बाद 4 सेकेंड में धीरे-धीरे छोड़ दें। इस आसन को रोजाना करने से फेफड़ों की क्षमता और सांस लेने की शक्ति बढ़ती है।

इंटरकोस्टल ब्रीदिंग का अभ्यास करने से पसलियां और उनसे जुड़ी मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसको करने के लिए आराम से बैठ जाएं और हाथों से पसलियों को पकड़ें। फिर गहरी सांस अंदर लें और पसलियों को फैसने दें। वहीं सांस छोड़ते समय वापस सामान्य स्थिति में आएं। इससे फेफड़ों में ज्यादा हवा भरती है और शरीर को बेहतर तरीके से ऑक्सीजन मिलती है।

इस आसन को बेलोज ब्रीदिंग भी कहा जाता है। इस आसन में तेजी से सांस लेना और छोड़ना शामिल है। इस आसन को करने के लिए पहले ध्यान मुद्रा में बैठें और फिर 1-2 बार लंबी सांस लें और छोड़ें। फिर सांस रोककर पेट को तेजी से अंदर-बाहर करें और इसको कम से कम 5 से 15 बार करना चाहिए। इस आसन को करने से फेफड़े साफ होते हैं, शरीर ऊर्जावान होता है और सांस लेने की क्षमता बढ़ती है।



तड़ासन पूरे शरीर को खींचता है और फेफड़ों को खोलता है। इस आसन को करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं और पैरों में 1 फुट की दूरी रखें। अब सांस अंदर लेते हुए हाथों को ऊपर की ओर उठाएं और पंजों के बल खड़े हो जाएं। कुछ देर इस स्थिति में रहते हुए सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे आएं। इससे पसलियां और डायाफ्राम मजबूत होती हैं।

इस आसन को करने से फेफड़ों के छोटे-छोटे हिस्से सक्रिय होते हैं। इस आसन को करने के लिए पैरों को 2.5 से 3 फीट की दूरी पर रखकर खड़े हो। फिर सांस अंदर लेते हुए हाथ को सिर के पास ले जाएं और धीरे-धीरे एक तरफ झुकें। थोड़ी देर सांस रोकें और फिर सांस छोड़ते हुए सामान्य स्थिति में वापस आएं। फिर दूसरे ओर से भी यह प्रक्रिया दोहराएं। इससे शरीर में ज्यादा ऑक्सीजन पहुंचता है और फेफड़े मजबूत होते हैं।

# वीकेंड पर बिजनौर के आसपास ढूंढ रहे हैं सुकून और रोमांच, एक्सप्लोर करें ये शानदार जगहें

मेरठ से करीब 65 किमी दूर स्थित बिजनौर यूपी का एक खूबसूरत और प्रमुख जिला है। बिजनौर को पहले नगीना जिला के नाम से भी जाना जाता है। वैसे तो बिजनौर अपनी लकड़ी की नक्काशी यानी कि वुड क्राफ्ट और गन्ना उत्पादन के लिए जाना जाता है। लेकिन यहां बहुत कम ऐसी जगहें मौजूद हैं, जहां पर लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। हालांकि बिजनौर वाले आसपास में स्थित खूबसूरत और शांत जगहों की तलाश करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बिजनौर से करीब 200 किमी के आसपास स्थित कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप भी वीकेंड पर फैमिली, पार्टनर और दोस्तों के साथ घूमने के लिए पहुंच सकते हैं।

अगर आप भी ऋषिकेश में भीड़ देखकर हर बार वीकेंड ट्रिप कैंसिल कर देते हैं, तो आपको शिवपुरी जाना चाहिए। शिवपुरी ऋषिकेश से सिर्फ 16 किमी की दूरी पर स्थित है। यह एक शांत और शुद्ध वातावरण वाली जगह है।

गंगा नदी के तट पर बसे शिवपुरी में आपको घने जंगल, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और खूबसूरत दृश्य देखने को मिलेंगे। यहां पर आप नीर वॉटरफॉल से लेकर वशिष्ठ गुफा घूम सकते हैं। ऋषिकेश की तरह शिवपुरी में आप कैंपिंग, रिवर राफ्टिंग और ट्रैकिंग का लुत्फ उठा सकते हैं।

अगर आप भी शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी से दूर प्रकृति और पशुओं के बीच कुछ सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क जाना चाहिए। यह भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान है। इस पार्क में प्राकृतिक सुंदरता के साथ हाथी, बाघ, तेंदुआ, भालू, हिरण, जंगली सुअ? और लंगूर आदि कई जानवर देखने को मिलेंगे। आप जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी का भी लुत्फ उठा सकते हैं। बता दें कि जंगल सफारी के लिए 3-4 हजार रुपए टिकट होता है।



समुद्र तल से करीब 3 हजार से ज्यादा फीट की ऊंचाई पर स्थित घनसाली उत्तराखंड का एक छिपा हुआ खजाना है। यहां पर बादलों से ढके ऊंचे-ऊंचे पहाड़, झील-झरने और घने जंगल इस जगह की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं।

घनसाली प्राकृतिक सुंदरता के साथ शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आप अपनी फैमिली या फिर पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिता सकते हैं। यहां पर आप भिलांगना नदी, गर्कोट गांव और ग्वील जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। अगर आप भी हिमालय की हसीन वादियों में सुकून भरे पल बिताना चाहते हैं, तो आपको नैनीताल घूमने पहुंचना चाहिए। यह उत्तराखंड का सबसे खूबसूरत और फेमस हिल स्टेशन में से एक है। यहां पर देश के हर कोने से पर्यटक पहुंचते हैं।

बादलों से ढके ऊंचे पहाड़ और पहाड़ों के बीच में स्थित नैनी झील आपकी ट्रिप को शानदार बना देगी। नैनीताल में नैनी झील के अलावा नैनीताल चिड़ियाघर, केक गार्डन, स्नो व्यू पॉइंट, टिफिन टॉप और नैना पीक जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

# धनीपुर में बड़े ही धूमधाम से निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**मंत्र भारत संवाददाता**

जंगीगंज। डीघ ब्लॉक के धनीपुर गांव में गुरुवार को शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा के पहले कलश यात्रा धूमधाम से निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारम्भ कथा स्थल से प्रारम्भ होकर धार्मिक स्थल का भ्रमण, जंगीगंज बाजार और रूद्र तालाब पर पूजन करने के बाद यात्रा कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई।

कथा वाचक पंडित जगदीश भूषण जी महाराज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में भक्तों के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर मंत्र पूजित कलश रखकर मंगलगीत गाते हुए शामिल हुईं। युवा डीजे की धुन पर डांस करते रहे। कथा स्थल से निकली यात्रा धनीपुर गांव में जंगीगंज बाजा होते हुए रूद्र तालाब पहुंची। यहां पर कथा के मुख्य यजमान विनोद मिश्रा ने विधिविधान से पूजन किया। बाद में कलश में जलभर कर सभी वापस हुए। प्रवचन के पहले दिन कथा सुनाते हुए पंडित जगदीश भूषण महाराज ने कहा कि कई जन्मों के पुण्य जब उदय होते हैं, तब भागवत कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है।



उन्होंने अधम पापी धुंधकारी और गोकर्ण कथा का वर्णन करते हुए कहा कि कालांतर में जब गोकर्ण अपने गांव पहुंचे तो वहां प्रेत बने धुंधकारी की मुक्ति को लेकर उपाय सोच रहे थे। तभी धुंधकारी ने कहा कि श्राद्ध तर्पण 100 बार करने के बाद भी मुक्ति नहीं होगी, दूसरे किसी उपाय से ही मुक्ति संभव है। गोकर्ण ने भगवान सूर्य का रथ रोककर उपाय पूछा तो भगवान भास्कर ने श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से मुक्ति का मार्ग बताया। धुंधकारी ने सात दिन श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया और दिव्य विमान आया जो मुक्त हुए धुंधकारी को परमधाम ले गया। महाराज ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण करने से जीव परम धाम को प्राप्त होता है, यह कथा कलयुग में भी जीव को मोक्ष प्रदान करने वाली है। इस मौके पर जनार्दन दूबे, विनोद मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, मनोज मिश्रा, राजन मिश्रा, अनिल मिश्रा, संजय मिश्रा, रामकुमार मिश्रा, मनीष, विजय, चंद्रकेश, आशीष, आदर्श और विबेक मिश्रा समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

## जनपद में मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति फेज-5.0'के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिकके निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवालजनपद भदोही के पर्यवेक्षण में पुलिस द्वारा व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में गठित मिशन शक्ति टीमों व एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा बाजारों, शिक्षण संस्थानों, चौराहों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिला अधिकारों, सुरक्षा संसाधनों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इसी क्रम में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।



# पुलिस आने के बाद किशुनदेबपुर में जुटा टुटा तार, ग्रामीण खुश

## तार जोड़ने के लिए विद्युत विभाग को करनी पड़ी भारी मशक्कत

**मंत्र भारत संवाददाता**

जंगीगंज। सरकार जहां विद्युत आपूर्ति को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किया है कि किसी भी तरह विद्युत आपूर्ति में कहीं बाधा न हो, जिसके क्रम में विद्युत विभाग के अधिकारी और कार्मचारी लगातार लगे रहते है, लेकिन कहीं कहीं आपसी मतभेद के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा पढ़ती है और कुछेक मामले में विद्युत विभाग के लोग मजबूर होकर पुलिस का सहारा लेना पड़ता है तब जाकर बात बनती है।

एक ऐसा ही मामला किसुनदेवपुर गांव में वृहस्पतिवार को देखने को मिला जहां विद्युत विभाग और ग्राम प्रधान के सक्रियता से विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। मालूम हो कि किशुनदेवपुर में बीते मंगलवार को हाईवोटेज तार टूट गया तो जिससे कई घरों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। तार जोड़ने के लिए विद्युत विभाग के लोग बुधवार को प्रयास किये लेकिन किशुनदेवपुर के कुछ लोगो ने तार जोड़ने से मना कर दिया और विद्युत विभाग के लोग परेशान रहे। वृहस्पतिवार को विद्युत विभाग और ग्राम प्रधान ने फिर से टूटे तार को जोड़ने के लिए प्रयास किये लेकिन कुछ लोग तार न जोड़ने पर डटे रहे। अंत में थक हारकर विद्युत विभाग के लोगों ने डायल 112 को सूचना दी और पुलिस के पहुंचमे के बाद और विद्युत विभाग और ग्राम प्रधान के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह टूटा तार जुड़ सका और करीब तीन दर्जन से अधिक घरों में विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। विद्युत आपूर्ति बहाल होने से ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और विद्युत विभाग का आभार जताया। इस मौके पर विद्युत विभाग के गणेश मौर्या, गणेश बालक बिन्द, शिव चंद बिन्द और ग्राम प्रधान छविनाथ यादव मौजूद रहे।



# भदोही साइकिलिंग क्लब ने होनहार को किया सम्मानित

**मंत्र भारत संवाददाता**

भदोही। अमवा थाना गोपीगंज निवासी मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद यासीन ने दानूपुर साइकिल रेस में तीसरा स्थान पाकर जनपद का नाम रोशन किया। प्रथम व दूसरे स्थान पर चंदौली जनपद के प्रतिभागी रहे। भदोही साइकिलिंग क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल अंसारी ने अपनी टीम के साथ मोहम्मद इमरान का फूलमाला से जोरदार स्वागत किया और उपहार देकर सम्मानित किया।

अध्यक्ष ने कहा कि हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे जनपद में मोहम्मद इमरान जैसे अनेकों होनहार हैं जो हर क्षेत्र में अपने जनपद का नाम रोशन करेंगे। हमें चाहिए कि ऐसे होनहारों का हम हौसला बढ़ाया और इनके आगे बढ़ने के लिए जो सहयोग हो सके वह करें।

स्वागत करने वालों में प्रवीण श्रीवास्तव, एडवोकेट प्रेमधर त्रिपाठी, बेचन सिंह, हरिकृष्णा तिवारी, सरफराज अहमद, राजीव जायसवाल, अबरार हाशमी, अनवर अहमद आदि रहें।



### सपा अखिलेश की सरकार बनने पर लोगों को मिलेगी मूलभूत सुविधाएं

# जनविरोधी भाजपा सरकार को 2027 में जनता करेगी बाहर-सुनीता पाल

**मंत्र भारत संवाददाता**

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी हाईकमान ने महिला प्रदेश सचिव सुनीता पाल को नियुक्त किया है। जिसको लेकर नवनियुक्त प्रदेश सचिव सुनीता पाल के समर्थकों ने उन्हें बधाईयां देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। श्रीमती सुनीता पाल ने कहा कि पार्टी के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को वह सदैव ही ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के साथ निर्वाहन करते हुए पार्टी का जनाधार बढ़ाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा 2027 में जनविरोधी भाजपा की सरकार को जनता मुंहतोड़ जवाब देकर प्रदेश सरकार से बाहर करने का निर्णय ले रखी है। भाजपा सरकार को जनता मुंहतोड़ जवाब देकर सपा की सरकार अखिलेश यादव के रूप में बनाने का कार्य करेगी। जिसकी सरकार में हर तबके के लोगों को रोजगार, इंसाफ, शिक्षा के साथ अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को लाभ सीधे जनता को मिल सके। सपा सरकार बनने के बाद प्रदेश की जनता खुशहाल होगी। जिससे लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो सकें । सपा अखिलेश की सरकार में गरीब, असहायों, मजलूमों को हरस्तर से उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके। वहीं पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें महिला प्रदेश सचिव बनाएं जाने की बधाईयां दी है। जबकि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने महिला प्रदेश सचिव बरेली सुनीता पाल, लखनऊ बाला श्रीवास्तव एवं कन्नौज अंशु यादव को बनाया गया है।



# व्यापार मंडल ने रामपुर गंगा घाट पर व्याप्त समस्या से डीएम को कराया अवगत

ज्ञानपुर। कार्तिक माह के प्रमुख स्नान व सूर्य उपासना (डाला छठ) पर्व के पूर्व रामपुर गंगा घाट को गड्ढा मुक्त कर समुचित साफ सफाई एवं पथ प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग जिला प्रशासन से की गई है।

उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने जिलाधिकारी को घाट पर व्याप्त समस्या से अवगत कराते हुए पर्व के पूर्व समुचित व्यवस्था करने की मांग की है त्अवगत कराया कि सूर्य उपासना का लोक पर्व (डाला छठ )25 अक्टूबर से शुरु हो रहा है जिसमें हजारों संख्या में महिलाएं अस्ताचल गामी व उदयाचल गामी सूर्यदेव को अर्घ्य देने के लिए रामपुर घाट पर पहुचती हैं, इसके साथ ही कार्तिक माह का स्नान पर्व चल रहा है जिसमे एकादशी व कार्तिक पूर्णिमा पर भीड़ बढ़ जाती है, इस वर्ष बाढ़ के उपरांत पानी कम होने पर घाट पर मिट्टी की मोटी परत जम गई है जिससे घाट पर चलना मुश्किल हो रहा है पर्व पर होने वाली भीड़ को देखते हुए जनहित में घाट को गड्ढा मुक्त करना आवश्यक है, वहां पर साफ सफाई एवं बिजली की व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे अराजक तत्वों को अपराध करने का मौका न मिले। मामले को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने संबधित विभाग को कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दे दिया है।

# बैठक मे एतिहासिक त्रिशूल स्थापना पर हुई चर्चा बनी योजना

गोपीगंज। भदोही जनपद में गौरव का प्रतीक बाबा बड़े शिव धाम में में 300 फुट ऐतिहासिक त्रिशूल स्थापना के महा लक्ष्य को लेकर कासियाना फाउंडेशन व शिव परिवार की बैठक सुमित सिंह के गिराई स्थित आवास पर हुई। बुधवार को सायंकाल शिव परिवार के सदस्यो और गुरुजनों के साथ हुई बैठक बैठक मे इस ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम को लेकर विचार विमर्श किया गया, सुमित सिंह ने कहा कि देव दीपावली के बाद बाबा बड़े शिव धाम परिसर में एक प्रेस कांफ्रेंस कर इसको अति शीघ्र आगे बढ़ाया जाएगा, कहा कि नोएडा के इंजीनियरों द्वारा यह त्रिशूल बनेगा और स्थापित होगा आम जनों इस धार्मिक कार्य मे भागीदारी करने और सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया गया। बैठक में आचार्य शरद पांडेय, आचार्य राजन पांडेय, आचार्य हरिओम पांडेय, आचार्य संदीप पांडेय, दीपक मोदनवाल, घनश्याम जायसवाल बाबा व अन्य मौजूद रहें।

# प्राचीन दुर्गा मंदिर सदर महाल मे सामूहिक पूजन का आयोजन

गोपीगंज। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में भैया दूज का पर्व आस्था और विश्वास के साथ परंपरा गत ढंग से मनाया गया बहनो ने भाई दिर्घायु जीवन की कामना करते हुए दर्शन पूजन किया और सुरक्षा कवच के रुप में कलाई मे रक्षा सूत्र बाधा और टीका लगाया। प्राचीन दुर्गा मंदिर सहित कुछ स्थानों पर विधि विधान पूर्वक सामूहिक पूजन किया गया।

प्रकाश पर्व दीपावली के साथ ही शुरु पर्व के दौरान गोवर्धन पूजन के उपरांत गुरुवार को भैया दूइज का पर्व मनाया गयात भाई को यम द्वितीया भी कहते है इस दिन बहने भाई को तिलक लगाकर उन्हें लम्बी उम्र की कामना करती है त्कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया को यह पर्व मनाया जाता हैत पूजा का थाल सजा कर बहनें शुभ मुहूर्त में पूजन अर्चन कर भाइयों के दिर्घायु जीवन की कामना के साथ तिलक लगाकर रक्षा कवच बाधात्अधिकाशतःबहनो ने जहा घरों में ही पर्व मनाया वही प्राचीन दुर्गा मंदिर मे सामूहिक रुप से पर्व मनाया गयात स्नान ध्यान कर भाइयों के कुशल मंगल की कामना करते हुए मंदिर पहुची बहनो ने जगत जननी मां दुर्गा का दर्शन पूजन कियात्दर्शन पूजन के उपरांत सामूहिक रुप से विधि विधान पूर्वक पूजन दिर्घायु जीवन की कामना की।

# गंगा में डूबी ओवर लोड नाव बीस महिलाओं को नाविको ने बचाया

**मंत्र भारत संवाददाता**

गोपीगंज। कोतवाली के जहागीराबाद गांव से परवल की खेती मजदूरी करने के लिए महिलाओं को लेकर जा रही ओवर लोड नाव पलट जाने नाव पर सवार महिलाए डूबने लगी त डूब रही महिलाओं को किसी तरह बचा लिया गया लेकिन गंभीर हालत कुछ महिलाओं को नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहागीरा बाद निवासी नाविक पंडित निषाद अपनी नाव पर महिलाओं को लेकर गंगा पार ऊंच डीह घाट जनपद मिर्जापुर ले जा रहा था जहां महिलाएं परवल की खेती के लिए मजदूरी करने जाती थी नाव मिर्जापुर जनपद के ऊंच डीह गंगा घाट के किनारे पहुंचने से नाव में पानी भरने और ओवरलोड होने के कारण गंगा में डूब गई नाव के डूबते ही सवारों में अफरा तफरी का माहौल बन गया महिलाओं ने चीखना चिल्लाना शुरू किया तो अगल-बगल के घाट पर मौजूद नाविकों ने तत्काल अपने छोटी नाव लेकर मौके पर पहुंचे और डूब रही महिलाओं को किसी तरीके से बचाया, जया कुमारी ने बताया कि गांव की लगभग 20 महिलाएं नाव में सवार थीं जिनमें निशा देवी रीना देवी ननकी देवी सोनी देवी पूनम देवी सहित अन्य महिलाएं थी अचानक नाव गंगा में धीरे-धीरे बैठने लगा जिससे हम लोगों ने चीखना चिल्लाना शुरू किया तो आसपास के लोगों ने आवाज सुनकर हम लोगों को बचाने के लिए पहुंच गए जया कुमारी ने बताया कि नाविक क्षमता से अधिक महिलाओं को बैठा लिया थात घटना के दूसरे दिन हल्का एसआई ओमप्रकाश यादव घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है मामले की जानकारी लेने पर एसआई ने फोन नहीं उठाया घटना पूरे गांव में चर्चा का विषय बना रहा।

# जहागीराबाद से नाविक को ले आई पुलिस तो थाने पहुचे ग्रामीण

**मंत्र भारत संवाददाता**

ज्ञानपुर/गोपीगंज ।मिर्जापुर के नेफरा घाट पर गंगा मे नाव पलटने की घटना के बाद गोपीगंज पुलिस जहागीराबाद निवासी नाविक पंडित निषाद को थाने ले आई तो बड़ी संख्या में महिला और पुरुष थाने पहुच गएत थाने पहुचे लोगों ने नाविक को बेकसूर बताया।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि बुधवार को जहागीराबाद से परवल की खेती करने के लिए महिलाए गंगा पार जा रही थीं त एक छोटी नाव पर लगभग 19 महिलाए सवार थी घाट पर पहुंचने के पूर्व ओवर लोड होने के कारण नाव गंगा में पलट गई थी जिससे नाव पर सवार महिलाए डूबने लगी थी त घटना मे तीन महिलाओ की हालत बिगड़ जाने पर उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था त घटना की जानकारी पर जब आला अधिकारियों ने पूछताछ शुरु किया तो गोपीगंज पुलिस जहागीरा बाद पहुंच गई और नाविक पंडित निषाद को थाने उठा ले आईत पुलिस के लौटते ही बड़ी संख्या ग्रामीण जिसमे महिलाओं की संख्या अधिक थी थाने पहुच गई।

# हिंदू परिवार ने घर में बनवाई मजार, गुस्साए ग्रामीणों ने तोड़ दिया चबूतरा, गांव में तनाव

**मंत्र भारत संवाददाता**

मिर्जापुर। जनपद से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक हिंदू परिवार ने घर में मजार बनवाई। जब इस बात की भनक ग्रामीणों को लगी तो उन्होंने गुस्से में आकर मजार ध्वस्त कर दिया। उधर, गांव में तनाव बढ़ता देख पुलिस बल भी तैनात हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है। हालांकि ये मामला फिलहाल चर्चा का विषय बना हुआ है।

ये मामला जिगना क्षेत्र का है। पुलिस उपाधीक्षक लालगंज ने गुरुवार को बताया कि तिवारीपुर कुशहा गांव के रहने वाले रामनारायण सिह व रवि सिंह अपनी बहू की बीमारी से बहुत तंग थे। इस पर उन्होंने मध्य प्रदेश के किसी तांत्रिक ने बात की। जिस पर तांत्रिक ने उन्हें घर में मजार (चबूतरा) बनाने का सलाह दिया था। परिवार के लोगों तांत्रिक की बात बनाते हुए चबूतरा बना लिया। जबकि इस गांव में एक भी मुस्लिम परिवार नहीं है।

जब घर में मजार बनने की सूचना लोगों को कानों-कान हुई तो वह नाराज हो गए। फिर भारी संख्या में ग्रामीण इक्कठा हो हुए जोर-जबरदस्ती कर मजार को कुदाल से तोड़ दिया। इस बीच बवाल मच गया था। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाल लिया। बाद में परिवार के लोगों ने सारा माजरा बताते हुए खुद भी मजार हटाने में ग्रामीणों को सहयोग किया।

इस मामले पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि बहू की बीमारी से बचाने के लिए भूत प्रेत का मामला है। मजार को लेकर तनाव की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को संभाल लिया। फिलहाल मौके पर स्थित फिलहाल सामान्य है। वहीं, गांव में इसे लेकर तर- तरह की चर्चाएं हो रही हैं।



# शवदाह करने आया युवक गंगा में डूबा

**मंत्र भारत संवाददाता**

नरायनपुर। अदलहाट थाना क्षेत्र के श्मशान घाट रैपुरिया पर सोमवार की सुबह शवदाह करने आया युवक गंगा स्नान के दौरान डूब गया। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाकर लापता युवक की तलाश करा रही है। नरायनपुर चौकी क्षेत्र के मदनपुरा गांव के 60 वर्षीय जिऊत पटेल की मौत हो गई थी। उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने गांव के ही 25 वर्षीय राजबली पटेल भी गए थे। सुबह साढ़े ग्याहर बजे अंतिम संस्कार के दौरान राजबली वहीं बगल में बने सीढ़ी पर गंगा स्नान करने चले गए। स्नान के दौरान वह गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे। मौजूद लोगों ने डूब रहे राजबली को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गंगा में समा गए।

# महिला ने दो युवकों पर छेड़खानी घसीटने का लगाया आरोप मुकदमा दर्ज

**मंत्र भारत संवाददाता**

मऊआइमा। इलाके की एक महिला ने दो युवकों पर छेड़खानी और गंदे इरादे से घसीटने तथा मारपीट का आरोप लगाते दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र की एक महिला अपने घर के बगल दीपक जलाने गई थी। आरोप है कि गांव के दो युवक शराब के नशे में धुत होकर आए और हाथ पकड़कर छेड़खानी करते हुए घसीटने लगे विरोध करने पर मार पीट किए । शोर सुनकर कर बीच बचाव करने पहुंची चचेरी ननद को गाली गुप्ता दिए ।तब दोनों ने गुहार लगाई शोर सुनकर ग्रामीणों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता ने मऊआइमा थाने में ग्राम सराय बादशाह कुली निवासी मोहित कुमार बिंद और धीरज कुमार बिंद के खिलाफ गुरुवार को मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।पुलिस मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।




# जिले के चीनी पहलवान ने दिल्ली के दीपक को किया चित

**मंत्र भारत संवाददाता**

मिर्जापुर। नगर के भरूहना मोहल्ले में मेही लाल सोनकर की स्मृति में आयोजित कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में जिले के चीनी पहलवान ने दिल्ली के दीपक पहलवान को पटखनी देकर 51 हजार रुपये का पुरस्कार पर कब्जा जमाने में सफल रहे। कुश्ती दंगल में दो लाख और एक लाख की इनामी कुश्ती बराबरी पर छूटी। विजयी पहलवानों को इनाम की धनराशि दिया गया। कुश्ती में 35 जोड़ी पहलवानों ने अपने दांवपेंच आजमाएं। दो लाख रुपए की इनामी कुश्ती दिल्ली के अभिषेक और ग्वालियर के कौशल के बीच हुई। दोनों पहलवान अखाड़े में घंटे भर एक दूसरे पर अपना दांवपेंच आजमाते रहे लेकिन कोई सफल नहीं हो पाया।

अंत में यह कुश्ती बराबरी पर छूटी। एक लाख की इनामी कुश्ती कानपुर के रवि और जौनपुर के निगम के बीच हुई।इस कुश्ती का भी फैसला नहीं हो पाया। यह भी बराबरी पर छूटी। वहीं 51 हजार की इनामी कुश्ती जिले के चीनी पहलवान और दिल्ली के दीपक पहलवान के बीच हुई। चीनी पहलवान ने दीपक को पटखनी देकर इनाम की राशि पर कब्जा जमाने में सफल रहे। वहीं कानपुर के विजय प्रधान और जौनपुर के सुजीत के बीच हुई 51 हजार की कुश्ती का भी फैसला नहीं हो पाया। दिल्ली के हनुमान और सत्यपाल डाढ़ी के बीच हुई 51 हजार की कुश्ती बराबरी पर छूटी। जौनपुर के सुजीत ने कानपुर के समीर को पटखनी देकर 16 हजार रुपये का पुरस्कार जितने में सफल रहे। जौनपुर के सुनील ने कानपुर के बल्लू पहलवान को पटखनी देकर 15 हजार रुपये का इनाम जीत लिए। कानपुर के अंकित दाढ़ी ने अपने ही जिले के बलराम को पटखनी देकर दस हजार रुपए के इनाम पर कब्जा जमाया। दिल्ली की महिला पहलवान वैशाली ने नंदीगंज की पहलवान कंचन को पटखनी देकर दस हजार रुपये का इनाम जीत लिया।

रूदौली के सूरज और आकाश डाढ़ी, रूदौली के संदीप और सनी डाढ़ी के बीच हुई पांच-पांच हजार रुपए की इनामी कुश्ती बराबरी पर रही। कुश्ती के आयोजत कन्हैया लाल सोनकर ने आगंतुक पहलवानों के प्रति आभार जताया। फुन्नू लाल सोनकर ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस मौके पर पूर्व सांसद राम सकल, अपर आयुक्त डा. विश्राम, विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, नपाध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, भाजपाध्यक्ष बृजभूषण सिंह, अनिल सिंह, परवेज खां, मुन्नी यादव, सुरेश यादव व राजेश सोनकर मौजूद रहे।

# व्यापारी को नाक रगड़वाने की घटना पर बवाल, नेता बर्खास्त, विपक्ष हमलावर, भाजपा की साख पर सवाल

लखनऊ (एजेंसी)। प्रदेश के मेरठ में तेजगढ़ी चौराहे पर कपड़ा व्यापारी से अभद्रता कर सड़क पर नाक रगड़वाने के आरोप में घिरे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) किसान मोर्चा की जिला इकाई के उपाध्यक्ष विकुल चपराणा के खिलाफ पार्टी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सभी पदों से हटा दिया है। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने बुधवार को आदेश जारी कर विकुल को सभी पदों से तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उनकी प्राथमिक सदस्यता भी निलंबित कर दी।

इस मामले में पुलिस ने विकुल के तीन सहयोगियों हैप्पी भड़ाना, आयुष शर्मा और सुबोध यादव को भी देर रात गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य की तलाश जारी है। अधिकारियों के अनुसार, इनके खिलाफ दर्ज मुकदमे में मार्ग अवरुद्ध करने और वाहन में तोड़फोड़ करने की धाराएं भी जोड़ी गई हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि व्यापारी सत्यम रस्तोगी से नाक रगड़वाकर माफी मंगवाने की घटना की जांच पुलिस अधीक्षक (नगर) को सौंपी गई है।

विकुल को गिरफ्तारी के बाद अदालत से जमानत मिल गई थी। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष तेजा गुर्जर ने अपने पत्र में लिखा है कि विकुल का यह आचरण पार्टी की मर्यादा और अनुशासन



के विरुद्ध है तथा यह ''आपराधिक मानसिकता'' को दर्शाता है। घटना के बाद विपक्षी दलों और व्यापारिक संगठनों ने भी मोर्चा खोल दिया है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर से इस्तीफे की मांग की है, जिनका नाम विकुल ने वीडियो में लिया था।

सपा के प्रदेश सचिव विपिन चौधरी और वरिष्ठ नेता मुखिया गुर्जर ने प्रदर्शन कर आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम लगाने की मांग की है। मेरठ व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जीतू सिंह नागपाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि व्यापारी वर्ग में भय का वातावरण समाप्त हो। तेजगढ़ी चौराहे पर एक रेस्तरां के बाहर 19 अक्टूबर रात वाहन पार्क करने को लेकर व्यापारी सत्यम रस्तोगी का भाजपा नेता विकुल चपराणा से विवाद हो गया था, जिसके बाद विकुल ने व्यापारी से जबरन नाक रगड़वाकर माफी मंगवाई।

पूरा घटनाक्रम वीडियो में कैद हो गया, जो बाद में इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया और पुलिस ने देर रात विकुल के खिलाफ कार्रवाई कर मामला दर्ज किया। हालांकि, व्यापारी सत्यम रस्तोगी ने बाद में कहा कि वह पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट हैं और उनका किसी से व्यक्तिगत विवाद नहीं है।

## प्रदेश में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं ने सरकार की उड़ाई नींद

लखनऊ (एजेंसी)। प्रदेश में पराली जलाने की बढ़ती घटनाओं ने कृषि विभाग के अधिकारियों की नींद उड़ा दी है। एनजीटी या सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई से बचाने के लिए शीर्ष अधिकारी गुरुवार को इसे रोकने के उपायों पर मंथन किया। तय किया गया है कि मुख्यालय पर तैनात शीर्ष अधिकारी मौके पर जाकर इसे रोकने का जतन करेंगे। कृषि निदेशक डा. पंकज त्रिपाठी ने कहा है कि शुक्रवार से ये अधिकारी सबसे पहले पश्चिमी उत्तर प्रदेश भेजे जाएंगे। इसके पहले 50 किसानों पर एक नोडल अफसर तैनात किए गए हैं। नोडल अधिकारी 24 घंटें सातों दिन अपने क्षेत्र में किसानों पर नजर रख रहे हैं। इसके साथ ही 15 अक्तूबर से पूरे प्रदेश की सेटेलाइट से निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पिछले साल की तुलना में प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आई है। गत वर्ष 21 अक्तूबर तक 723 मामले दर्ज हुए थे, इस साल यह संख्या 660 है। जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम जिला व कृषि निदेशालय स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें लगातार सूचनाएं एकत्र की जा रही हैं। पराली जलाए जाने वाले घटनास्थल पर नोडल अफसर व लेखपाल को भेजने के बाद संबंधित इलाके के तहसीलदार, उप कृषि निदेशक व एडीएम (वि/रा) को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में पराली जलाए जाने की घटना 21 अक्तूबर तक वर्ष जलाने की संख्या 2020 554 2021 631 2022 204 2023 423 2024 723 2025 660



## फिर दिखी सरकारी अस्पताल की बदहाली : बीमार बहन को नहीं मिला स्ट्रेचर

### भाई ने कंधे पर उठाकर अस्पताल गेट तक पहुंचाया

इटावा (एजेंसी)। जिले में बने भीमराव अंबेडकर जिला अस्पताल में बुधवार को घटित एक घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था की लापरवाही की पोल खोल दी। इलाज के बाद एक बीमार युवती को स्ट्रेचर न मिलने के कारण उसके भाई को मजबूरन उसे कंधे पर उठाकर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड से लगभग 300 मीटर दूर स्थित मुख्य गेट तक ले जाना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे अस्पताल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। बता दें कि बसरेहर क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय तनु को कमजोरी और बीपी की समस्या के कारण परिजन बुधवार दोपहर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। इमरजेंसी विभाग में तैनात डॉक्टर शिवम राजपूत ने जांच के बाद एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। तनु का भाई उसे कंधे पर उठाकर पहले अल्ट्रासाउंड और फिर एक्स-रे कक्ष तक ले गया, लेकिन अस्पताल का अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे केंद्र सुबह 11 बजे के बाद बंद हो चुका था। इसके बाद जब उसने अस्पताल प्रशासन से स्ट्रेचर की मांग की, तो किसी ने सहायता नहीं की। मजबूर होकर भाई ने फिर से अपनी बहन को कंधे पर उठाया और इमरजेंसी वार्ड से होते हुए 300 मीटर दूर मुख्य गेट की सड़क तक पैदल पहुंचा, जहां से वह उसे ई-रिक्शा में बैठाकर घर ले गया।



घटना की जानकारी मिलने पर जब पत्रकारों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर संयुक्त जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. परितोष शुक्ला से संपर्क करने की कोशिश की, तो उनका फोन नहीं उठा। इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर शिवम राजपूत ने बताया कि युवती को चक्कर और कमजोरी की शिकायत थी, जिसके चलते एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड के लिए लिखा गया था। उन्होंने यह भी कहा कि बाहर स्ट्रेचर न मिलने की जानकारी उन्हें नहीं है। बतातें चलें की ये पहला मामला जिला अस्पताल से नहीं है ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं लेकिन कोई कठोर कार्रवाई न होने के वजह से ऐसे मामले बार-बार सामने आते रहते हैं।

## छठ महापर्व पर सीएम योगी का सख्त निर्देश- श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए हो विशेष इंतजाम

वाराणसी (एजेंसी)। धार्मिक नगरी काशी के अर्धचंद्राकार घाटों पर छठ महापर्व के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। योगी सरकार ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए व्यापक प्रबंध किए हैं। अस्ताचलगामी और उदयाचल सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए लाखों व्रतियों के सैलाब के बीच 11वीं एनडीआरएफ बटालियन की टीमें गंगा घाटों, सरोवरों और कुंडों पर तैनात होंगी। ये टीमें आवश्यक सुरक्षा उपकरणों, वॉटर एम्बुलेंस, गोताखोरों और अन्य बचाव साधनों से सुसज्जित होंगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। छठ व्रतियों की सुरक्षा और चिकित्सकीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए 11वीं एनडीआरएफ की टीमें गंगा घाटों और सरोवरों पर सक्रिय रूप से तैनात रहेंगी।

11वीं एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि गंगा तटों पर एनडीआरएफ की टीमें तैनात की जाएंगी, ताकि छठ पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था निर्बाध रूप से संचालित हो सके। वाराणसी में गंगा, बरेका (सूर्य सरोवर) और चंदौली में कुल सात टीमें तैनात रहेंगी। प्रत्येक टीम में 30 प्रशिक्षित एनडीआरएफ कर्मी शामिल होंगे। आवश्यकता पड़ने पर टीमों की संख्या बढ़ाई भी जा सकती है। सभी टीमें जीवन रक्षक उपकरणों जैसे रेस्क्यू मोटर बोट, वॉटर एम्बुलेंस, लाइफ जैकेट, लाइफ बॉय, गोताखोर, पैरामेडिकल स्टाफ, ऑक्सीजन सिलेंडर और अन्य बचाव सामग्रियों से लैस होंगी।



## सपा के व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल हुआ अश्लील वीडियो! शर्म से झुक गई महिला कार्यकर्ता, बोलीं- ये साजिश है

हापुड़ (एजेंसी)। जिले में समाजवादी पार्टी (सपा) के व्हाट्सएप ग्रुप 'समाजवादी पार्टी परिवार' में देर रात एक अश्लील वीडियो और आपत्तिजनक ऑडियो क्लिप वायरल हो जाने से हड़कंप मच गया। कुछ ही मिनटों में ग्रुप में अफरा-तफरी मच गई और महिला कार्यकर्ताओं ने इस हरकत पर कड़ी नाराजगी जताई। अब यह मामला सोशल मीडिया पर 'सपा ब्लू फिल्म कांड' के नाम से तेजी से ट्रेंड कर रहा है।

इस व्हाट्सएप ग्रुप में सपा के जिला, नगर और ब्लॉक स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हैं। देर रात अचानक एक सदस्य के नंबर से पहले एक अश्लील वीडियो और फिर एक महिला की आवाज वाला आपत्तिजनक ऑडियो डाला गया। कुछ क्षणों में ही ग्रुप में गुस्से का माहौल बन गया। कई कार्यकर्ताओं ने एडमिन को टैग करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की। महिला सदस्यों ने इसे 'संगठन की मर्यादा के साथ खिलवाड़' बताते हुए इसे सपा की छवि खराब करने की साजिश करार दिया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए सपा जिला संगठन ने एडमिन से जवाब तलब किया है। साथ ही साइबर सेल को वीडियो भेजने वाले नंबर की जांच सौंपी गई है। सूत्रों के अनुसार, उस नंबर को फिलहाल ग्रुप से हटा दिया गया है। वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि यह घटना पार्टी की अनुशासन नीति पर बड़ा धब्बा है और दोषी पाए जाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


हालांकि यह पार्टी का आधिकारिक ग्रुप नहीं है, लेकिन इसके एडमिन सपा के एक वरिष्ठ नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष बताए जा रहे हैं। संगठन ने उन्हें तीन दिन में जवाब देने के लिए नोटिस जारी किया है। पूरा मामला अब प्रदेश नेतृत्व तक पहुंच चुका है और रिपोर्ट लखनऊ भेज दी गई है।

विवाद के बाद एडमिन ने 'समाजवादी पार्टी परिवार' ग्रुप को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। साथ ही सभी सदस्यों से सोशल मीडिया पर संयम बरतने की अपील की गई है। इस बीच विपक्षी दलों ने भी इस मामले को लेकर सपा पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। वहीं पार्टी कार्यकर्ता एक सुर में दोषी की गिरफ्तारी और निष्कासन की मांग कर रहे हैं।



## प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने और अनुचित व्यवहार करने के आरोप में 153 लोग गिरफ्तार

कोलकाता (एजेंसी)। पुलिस ने दीपावली के बाद हुए जश्न के दौरान विभिन्न कानूनों के उल्लंघन करने के आरोप में 153 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें अनुचित व्यवहार और प्रतिबंधित आतिशबाजी छोड़ना शामिल है। यह जानकारी बृहस्पतिवार को एक अधिकारी ने दी। बुधवार को की गई कुल गिरफ्तारियों में से 146 लोगों को अभद्र व्यवहार के लिए गिरफ्तार किया गया जबकि सात लोगों को प्रतिबंधित पटाखे फोड़ने के लिए गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि जुए से संबंधित किसी भी अपराध के तहत कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, साथ ही पुलिस ने इस दौरान 383 यातायात अभियोग भी शुरू किए। इस अभियान के दौरान, पुलिस अधिकारियों ने 16.95 किलोग्राम प्रतिबंधित आतिशबाजी सामग्री और 14.4 लीटर अवैध शराब भी जब्त की। अधिकारी ने बताया कि यातायात उल्लंघन मामलों में 85 मामले बिना हेलमेट के वाहन चलाने के हैं। साथ ही 37 मामले बिना हेलमेट के पीछे बैठने, 73 लापरवाही से वाहन चलाने और 64 शराब पीकर वाहन चलाने के थे। 124 ऐसे मामले हैं जो अन्य श्रेणी के अपराधों में शामिल थे।



## देवेंद्र फडणवीस का 2029 तक सीएम रहने का दावा! एकनाथ शिंदे के लिए सियासी कुर्सी का अप्रत्यक्ष संदेश- कांग्रेस की चुटकी

मुम्बई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि वह 2029 तक अपने वर्तमान पद पर बने रहेंगे और सत्तारूढ़ गठबंधन की संरचना में कोई बदलाव नहीं होगा। राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा, 'जहाँ तक मुझे अपनी पार्टी का पता है...दिल्ली अभी बहुत दूर है। मैं 2029 तक महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बना रहूँगा।' वह दिवाली के अवसर पर मुंबई स्थित अपने आधिकारिक आवास 'वर्षा' में मीडियाकर्मियों से बातचीत में बोल रहे थे।

फडणवीस ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सत्तारूढ़ गठबंधन, जिसमें भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राकांपा शामिल हैं, में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा, 'न तो कोई नया साझेदार बनेगा और न ही साझेदारों की अदला-बदली होगी।' वरिष्ठ भाजपा नेता ने स्थानीय निकाय चुनावों से पहले राज्य की मतदाता सूची में विसंगतियों का आरोप लगाने के लिए विपक्ष पर भी निशाना साधा। स्थानीय निकाय चुनाव 31 जनवरी, 2026 तक पूरे होने हैं।

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रवक्ता सचिन सावंत ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का यह बयान कि वह 2029 तक शीर्ष पद पर बने रहेंगे, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए एक अप्रत्यक्ष संदेश है। राष्ट्रीय राजनीति में अपनी भूमिका के सवाल पर फडणवीस ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा था, 'दिल्ली अभी दूर है।' और स्पष्ट किया कि वह 2029 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने रहेंगे।



सावंत ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, 'यह उन लोगों के लिए एक अप्रत्यक्ष संदेश है, जो मुख्यमंत्री पद पर नजर गड़ाए हुए हैं। वह सीधे शिंदे साहब से तो बोल नहीं सकते, इसलिए अप्रत्यक्ष रूप से यह बात कह रहे हैं। साथ ही, वह अपनी पार्टी के उन लोगों को भी संकेत दे रहे हैं, जो स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए हैं।'' राज्य में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) शामिल हैं। शिवसेना से 2022 में अलग होने के बाद शिंदे पिछले विधानसभा चुनावों तक मुख्यमंत्री रहे, जबकि फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे।

फडणवीस ने बुधवार को स्पष्ट किया कि मौजूदा सत्तारूढ़ व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा, 'न तो कोई नया सहयोगी होगा और न ही मौजदूा सहयोगियों का चेहरा बदलेगा।' सावंत ने दावा किया कि फडणवीस का यह बयान भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के लिए भी एक संदेश है कि वह 'इस डर से अपना पद नहीं छोड़ेंगे कि राजस्थान, मध्यप्रदेश या उत्तराखंड की तरह कोई और उनकी जगह ले सकता है।' कांग्रेस नेता ने कहा, 'फडणवीस को मुख्यमंत्री पद से हटाने की कोशिशें हो रही हैं। वह बार-बार दिल्ली के चक्कर लगाते हैं, जहां उनका स्वागत-सत्कार होता रहता है। इससे उनका डर और बढ़ जाता है। इसलिए, मुख्यमंत्री यह दावा कर रहे हैं कि वह पद नहीं छोड़ेंगे।'

समाजवादी पार्टी के नेता अबु आजमी द्वारा आगामी बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा पर सावंत ने कहा कि कांग्रेस में चुनाव संबंधी सभी निर्णय पार्टी आलाकमान द्वारा स्थानीय नेताओं के परामर्श से लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य मुंबई में महापौर का पद हासिल करना है। कांग्रेस विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी का हिस्सा है, जिसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) और शरद पवार की राकांपा (एसपी) भी शामिल हैं।

## महागठबंधन के सीएम फेस बनते ही तेजस्वी बोले- इस बार 20 साल पुरानी और भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकेंगे

पटना (एजेंसी)। बिहार चुनाव में महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार बनाए जाने के बाद राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि इस बार प्रदेश से 20 साल पुरानी भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। यादव ने अपने माता पिता लालू-राबड़ी को याद किया और बिहार चुनाव में मुख्यमंत्री का उमीदवार घोषित किये जाने पर कांग्रेस नेता अशोक गहलोत तथा सभी घटक दलों के नेताओं को धन्यवाद दिया।

राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में बीस साल पुरानी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार निकम्मी हो चुकी है और चारो तरफ भ्रष्टाचार से लिप्त है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सेहत ठीक नही है और जनता दल यूनाइटेड की सारी गतिविधियां तीन-चार नेताओं ने अपने नियंत्रण में ले रखी हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी नेता भारतीय जनता पार्टी के साथ मिले हुए हैं और चुनाव के बाद जदयू को खत्म करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक षड्यंत्र के तहत इस चुनाव में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री का उमीदवार घोषित नही किया गया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने साफ शब्दों में कहा है कि चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल के नेता मुख्यमंत्री पड़ का चुनाव करेंगे। राजद नेता ने कहा कि राजग सरकार के तमाम दावों के बावजूद बिहार में गरीबी, बेरोजगारी, पलायन बढ़ता ही गया है। बिहार की प्रति व्यक्ति आय भी देश मे सबसे कम है। प्रदेश में उद्योग धंधे भी नही हैं और ना ही सरकार के पास आगे कारखाने लगाने की कोई योजना है।



तेजस्वी यादव ने कहा कि लालू के काल मे रेलवे ने कारखाना लगाया था और उन्होंने अपने 17 महीने के कार्यकाल में रीगा चीनी मिल को पुनः शुरू करवाया था। उन्होंने कहा कि शेष बंद पड़ी चीनी मिलों को शुरू करने के लिए सरकार के पास कोई योजना नहीं है। यादव ने कहा कि बिहार का प्रशासन अधिकारियों और बाबुओं के हाथ में है, जो भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। घूसखोरी अतिशय बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार आई तो भ्रष्टाचार पर कड़ाई से लगाम लगाया जाएगा। उन्होने कहा कि उनकी स्वयं की परछाई भी भ्रष्टाचार करेगी तो उस पर भी कार्रवाई होगी। राजद नेता ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की हालत बहुत बुरी है। उन्होंने कहा कि लालू राज को जंगल राज कहने वाले नेता भूल गए हैं कि बिहार में पिछले बीस वर्षों में 70 हजार हत्याएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि वह जंगल राज था तो फिर यह क्या है? उन्होंने कहा कि सृजन घोटाला, बालिका गृह कांड से ले कर चूहों के पुल गिराने और शराब पीने तक इस सरकार के असंख्य कारनामे हैं। इन सभी मामलों में सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

## 'अखलिश के जन्मदिन पर वायरल 'प्रबल इंजन' पोस्टर', 2027 से पहले सपा का नया पोस्टर वायरल

लखनऊ (एजेंसी)। आज भले अखिलेश यादव 52 साल के हो गए लेकिन उनके जन्मदिन से ज्यादा चर्चा आज भी उनके एक पोस्टर की हो रही है। अभी भले एक साल से ज्यादा का समय यूपी चुनाव में बचा हो... लेकिन अभी से कहीं न कहीं यूपी की फिजा चुनावी रंग में घुलने लगी है।

दअरसल, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52वें जन्मदिन पर एक बार फिर से सपा कार्यालय के बाहर लगे पोस्टर ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है, इस पोस्टर में बीजेपी की 'डबल इंजन सरकार' का जवाब 'प्रबल इंजन की सरकार' के नारे से दिया गया है, आपको बता दें कि अखिलेश यादव का कागजी जन्मदिन 1 जुलाई को पड़ता है, वहीं अखिलेश यादव का असली जन्मदिन आज 23 अक्टूबर को उनके जानने वाले मनाते हैं।

इस पोस्टर में अखिलेश यादव को रेलगाड़ी के इंजन में बैठे हुए दिखाया गया है, जिस पर लिखा है 'समाजवादी पार्टी- एक इंजन, मजबूत इंजन.' ट्रेन के पीछे जुड़े डिब्बों में अखिलेश यादव के कार्यकाल की प्रमुख योजनाओं और उपलब्धियों को दर्शाया गया है, जैसे - मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, डायल 100 सेवा, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, लखनऊ मेट्रो, समाजवादी पेंशन योजना, कन्या विद्याधन, शादी अनुदान और लैपटॉप योजना।

इस पोस्टर पर अखिलेश यादव को संस्कृत के एक श्लोक के माध्यम से शुभकामनाएं भी दी गई हैं, जिसमें लिखा है 'अद्रोहः सर्वभूतेषु कर्मणा मनसा गिरा, अनुग्रहश्च दानं च, शीलमेतद् विदुर्बुधाः।। जन्मदिवसस्य अनेकशः शुभकामनाः। जिसका मतलब है 'जो व्यक्ति सभी प्राणियों के प्रति कर्म, मन और वाणी से अद्रोह (किसी के प्रति वैर या द्वेष न रखना) करता है, तथा अनुग्रह (दयालुता) और दान (सहायता या उदारता) करता है, बुद्धिमान लोग ऐसे आचरण को ही सच्चा शील मानते हैं.' आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएँ।




ये पोस्टर समाजवादी पार्टी के नेता जयराम पांडे ने लगाया है, जो संत कबीर नगर की मेंहदावल विधानसभा सीट से प्रत्याशी रह चुके हैं, बता दें कि जयराम पांडे के पोस्टर पहले भी चर्चा में रह चुके हैं. साल 2022 विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने 'आ रहा हूं' स्लोगन वाला पोस्टर लगाया था, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था. इस बार फिर से डबल इंजन के सरकार का जवाब प्रबल इंजन से देकर उन्होंने राजनीति में एक नई चर्चा शुरू कर दी है।

## एसबीआई बना भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक, न्यूयॉर्क में ग्लोबल फाइनेंस से दो बड़े अवॉर्ड

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को विश्व बैंक/आईएमएफ की वार्षिक बैठक के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में न्यूयॉर्क स्थित ग्लोबल फाइनेंस से दो प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंक ने दो खिताब ('वर्ल्ड्स बेस्ट कंज्यूमर बैंक 2025' और 'बेस्ट बैंक इन इंडिया 2025') जीते।

एसबीआई ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि यह दोहरी मान्यता बैंक की नवाचार, वित्तीय समावेशन और ग्राहक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए वैश्विक बैंकिंग क्षेत्र में उसकी अग्रणी स्थिति को और मजबूत करती है। एसबीआई के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने कहा कि 52 करोड़ ग्राहकों को सेवा देना और रोजाना 65, 000 नए ग्राहकों को जोड़ना प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण में बड़े निवेश की मांग करता है।

# साइमन हार्मर ने रचा इतिहास, 1000 विकेट क्लब में शामिल दक्षिण अफ्रीका ने रावलपिंडी टेस्ट में पाकिस्तान को हराया

रावलपिंडी **(एजेंसी)**। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ 1-1 से ड्रॉ पर खत्म की, लेकिन आखिरी मुकाबले में स्पिनर साइमन हार्मर ने इतिहास रच दिया। हार्मर ने 1, 000 प्रथम श्रेणी विकेट पूरे कर लिए और यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज बन गए।

हार्मर ने रावलपिंडी टेस्ट में शानदार गेंदबाज़ी करते हुए 6 विकेट झटके और पाकिस्तान को दूसरी पारी में मात्र 138 रनों पर ढेर कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने अपने करियर का 1, 000वां प्रथम श्रेणी विकेट पूरा किया। वह अब दक्षिण अफ्रीका के बक लेवेलिन (1, 013 विकेट), माइक प्रॉक्टर (1, 417 विकेट) और एलन डोनाल्ड (1, 216 विकेट) के बाद यह कारनामा करने वाले चौथे खिलाड़ी हैं। दुनिया में यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह 217वें गेंदबाज बने। गौरतलब है कि इंग्लैंड के विल्फ्रेड रोड्स के नाम प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सबसे अधिक 4, 204 विकेट का रिकॉर्ड दर्ज है।

मैच के चौथे दिन पाकिस्तान ने अपनी दूसरी पारी 94/4 से शुरू की थी। कप्तान बाबर आज़म (50) और मोहम्मद रिज़वान (16) से उम्मीदें थीं, लेकिन दोनों टिक नहीं सके। हार्मर (6/50) और केशव महाराज (2/34) ने मिलकर पूरी बल्लेबाज़ी लाइनअप को तहस-नहस कर दिया। पाकिस्तान की टीम सिर्फ 138 रन बना सकी और दक्षिण अफ्रीका के सामने जीत के लिए 68 रनों का आसान लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 12.3 ओवर में ही मैच अपने नाम कर लिया। रयान रिकेल्टन ने 29 गेंदों में नाबाद 25 रन और कप्तान एडन मार्करम ने 45 गेंदों पर 42 रन की शानदार पारी खेली। इस तरह दक्षिण अफ्रीका ने आठ विकेट से जीत दर्ज करते हुए सीरीज 1-1 से बराबर कर दी।



पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 333 रन बनाए थे। अब्दुल्ला शफीक (57), शान मसूद (87) और सऊद शकील (66) ने शानदार अर्धशतक लगाए। शफीक और मसूद के बीच 111 रनों की साझेदारी पारी का मुख्य आकर्षण रही। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज (7/102) ने अपने करियर का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया।

दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी में सेनुरन मुथुसामी (89), कैगिसो रबाडा (71) और ट्रिस्टन स्टब्स (76) ने शानदार योगदान दिया। रबाडा ने अपने करियर का पहला अर्धशतक जमाया और टीम को 404 रनों तक पहुंचाया। इस पारी के दम पर प्रोटियाज को 71 रनों की बढ़त मिली। पाकिस्तान के आसिफ अफरीदी (6/79) और नोमान अली (2/92) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ रहे।

## एडम जम्पा ने स्टीव वॉ को पीछे छोड़ा, ऑस्ट्रेलिया के सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

एडिलेड **(एजेंसी)**। ऑस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाज एडम जम्पा ने इतिहास रच दिया है। वह पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव वॉ को पीछे छोड़ते हुए वनडे में ऑस्ट्रेलिया के लिए सातवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को एडिलेड ओवल में भारत के खिलाफ दूसरे वनडे में यह उपलब्धि हासिल की। जम्पा ने 115 मैचों में 28.33 की औसत से 196 विकेट लिए हैं जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/35 रहा है, जो वॉ के 195 विकेटों से आगे है। इस कलाई के स्पिनर ने 10 ओवर में 60 रन देने के बावजूद चार विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य सफेद गेंद के स्पिनर रहे जम्पा ने वनडे क्रिकेट में अपना 12वां चार विकेट हॉल दर्ज किया। जम्पा ने अय्यर और केएल राहुल को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को लगातार सफलताएं दिलाईं। जम्पा ने एक ही ओवर में अक्षर पटेल और नितीश कुमार रेड्डी को आउट करके भारत का स्कोर 226/8 पर ला दिया। जम्पा ने अपने 10 ओवर में 60 रन देकर 4 विकेट लिए। इस मैच की बात करें तो रोहित शर्मा, श्रेयस अय्यर के संघर्षपूर्ण अर्धशतकों और राणा व अर्शदीप सिंह की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत एडिलेड में दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती झटकों के बाद 264/9 के स्कोर पर पहुंच गया। भारत ने अंतिम 10 ओवरों में 66 रन जोड़े। जोश हेजलवुड अपनी कसी हुई लेंथ से बेहद घातक रहे और उन्होंने 10 ओवरों में सिर्फ 29 रन दिए। हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। जेवियर बार्टलेट और जम्पा ने मिलकर 7 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया द्वारा पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करने के बाद हेजलवुड ने भारत के शीर्ष क्रम को बांधे रखा।



## एशियाई युवा खेल : रंजना ने पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक जीता

रिफा (बहरीन)। भारतीय युवा एथलीट रंजना यादव ने यहां एशियाई युवा खेलों में लड़कियों की 5, 000 मीटर पैदल चाल स्पर्धा में रजत पदक अपने नाम किया। इस भारतीय खिलाड़ी ने 23 मिनट 25.88 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया जबकि चीन की लियू शियी 24:15.27 सेकेंड के समय से उनसे आगे पहले स्थान पर रहीं। कोरिया की जियोंग चायेओन ने 25:26.93 सेकेंड के समय से कांस्य पदक जीता। एशियाई युवा खेलों में एथलेटिक्स में यह भारत का पहला पदक था। इससे देश के कुल पदकों की संख्या दो रजत और चार कांस्य हो गई। भारत ने अभी तक कुराश में एक रजत और दो कांस्य के अलावा ताइक्वांडो में दो कांस्य पदक जीते हैं।




## भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में 6.7 -6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी : डेलॉयट इंडिया

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। डेलॉयट इंडिया ने बढ़ती मांग एवं नीतिगत सुधारों के बीच चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.7-6.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का बृहस्पतिवार को अनुमान लगाया। भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। पेशेवर सेवा कंपनी डेलॉयट ने कहा कि घरेलू मांग में तेजी, उदार मौद्रिक नीति तथा माल एवं सेवा कर (जीएसटी) 2.0 जैसे संरचनात्मक सुधारों से वृद्धि को बल मिलने की संभावना है। कम मुद्रास्फीति, क्रय शक्ति में सुधार के साथ खर्च बढ़ाने में योगदान देगी। डेलॉयट इंडिया की 'भारत आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 से 6.9 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है जो डेलॉयट के पिछले अनुमान से 0.3 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर औसतन 6.8 प्रतिशत बनी हुई है।

डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि त्योहारों के दौरान मांग में वृद्धि उपभोग व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि से होने की संभावना है। इसके बाद मजबूत निजी निवेश की उम्मीद है क्योंकि व्यवसाय अनिश्चितताओं का सामना करने और बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। मजूमदार ने कहा, ''यह भी अनुमान है कि भारत साल के अंत तक अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ एक समझौता कर लेगा जिससे समग्र निवेश धारणा में सुधार होने की उम्मीद है। पहली एवं तीसरी तिमाही में मजबूत वृद्धि से समग्र वार्षिक वृद्धि को बल मिलने की संभावना है।''

चालू वित्त वर्ष में हालांकि वृद्धि, वैश्विक चुनौतियों को लेकर संवेदनशील बनी हुई है। बढ़ती व्यापार अनिश्चितताएं और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने में भारत की असमर्थता, ऐसे संभावित जोखिम हैं जो भारत की आर्थिक वृद्धि को प्रभावित कर सकते हैं। महत्वपूर्ण खनिजों तक पहुंच पर प्रतिबंध और पश्चिमी देशों में उच्च मुद्रास्फीति, भारत में मुद्रास्फीति के दबाव को बढ़ा सकते हैं।




## पंजाब किंग्स ने नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया, पूर्व भारतीय क्रिकेटर को मौका

चंडीगढ **(एजेंसी)**। इंडियन प्रीमियर लीग टीम पंजाब किंग्स ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर साईराज बहुतुले को लीग के अगले सत्र के लिए अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। भारत के लिए दो टेस्ट और आठ एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले 52 साल के बहुतुले सुनील जोशी की जगह लेंगे जो 2023 से यह भूमिका निभा रहे थे।

बहुतुले प्रथम श्रेणी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और बेहद सम्मानित कोच हैं। इससे पहले बहुतुले केरल, गुजरात, विदर्भ और बंगाल जैसी घरेलू टीम के अलावा आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के साथ कोचिंग की भूमिका निभा चुके हैं।

पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने बहुतुले का स्वागत करते हुए कहा, 'हम वर्षों से पंजाब किंग्स के प्रति समर्पित सेवा और योगदान के लिए सुनील जोशी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। आगे बढ़ते हुए हम अपने कोचिंग स्टाफ में साईराज बहुतुले का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।' पंजाब किंग्स की टीम पिछले सत्र में उप विजेता रही थी।



## सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 700 अंक से अधिक उछला, निफ्टी 26, 000 के स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर बढ़ती उम्मीद के बीच बृहस्पतिवार को सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती कारोबार में तेजी दर्ज की गई। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 734.36 अंक चढ़कर 85, 160.70 अंक पर और एनएसई निफ्टी 198.3 अंक की बढ़त के साथ 26, 066.90 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ में रहे। हालांकि, इटर्नल और बजाज फिनसर्व के शेयर नुकसान में रहे।

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी फायदे में रहा जबकि जापान का निक्की 225, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहा। अमेरिकी बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 2.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 64.19 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 96.72 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

दिवाली बलिप्रतिपदा के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहे। मंगलवार को एक घंटे के विशेष मुहूर्त कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 62.97 अंक या 0.07 प्रतिशत चढ़कर 84, 426.34 अंक पर और निफ्टी 25.45 अंक या 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25, 868.60 अंक पर बंद हुआ था।




## चालू वित्त वर्ष में भारतीय चमड़ा उद्योग के राजस्व में आ सकती है 10-12 प्रतिशत की कमी

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। अमेरिका द्वारा 50 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाए जाने के बाद चालू वित्त वर्ष में भारतीय चमड़ा और संबद्ध उत्पाद कंपनियों के राजस्व में 10-12 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। क्रिसिल रेटिंग्स की एक रिपोर्ट में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गई। अमेरिका भारतीय चमड़ा उद्योग के लिए एक प्रमुख निर्यात बाजार है।

क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया कि निर्यात पर अधिक निर्भरता होने के कारण, माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती, आयकर में कमी, नियंत्रित मुद्रास्फीति और कम ब्याज दर जैसे अनुकूल आर्थिक कारकों के कारण घरेलू मांग में मामूली सुधार के बावजूद कंपनियों की आय में गिरावट आने की आशंका है।

रिपोर्ट कहती है, 'भारत में चमड़ा और संबद्ध उत्पाद उद्योग के राजस्व में इस वित्त वर्ष में सालाना आधार पर 10-12 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है, क्योंकि अमेरिका द्वारा लगाया गया 50 प्रतिशत शुल्क निर्यात की मात्रा में कमी ला सकता है।'



# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान, टी20 टीम में बाबर-नसीम की वापसी

लाहौर **(एजेंसी)**। पूर्व कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज नसीम शाह की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला और अगले महीने श्रीलंका तथा जिम्बाब्वे के साथ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टी20 टीम में वापसी हुई है। पिछले साल दिसंबर से टी20 प्रारूप से बाहर चल रहे बाबर और नसीम के अलावा युवा आक्रामक बल्लेबाज अब्दुल समद की भी टीम में वापसी हुई है।

पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला 28 अक्टूबर से एक नवंबर तक रावलपिंडी और लाहौर में खेली जाएगी। त्रिकोणीय श्रृंखला भी 17 से 29 नवंबर तक इन्हीं स्थलों पर आयोजित की जाएगी। वर्तमान में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में दूसरा टेस्ट खेल रहे पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका चार से आठ नवंबर तक फैसलाबाद के इकबाल स्टेडियम में होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में भी भाग लेंगे।

इसके बाद 11 से 15 नवंबर तक रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की एक और एकदिवसीय श्रृंखला खेली जाएगी। नसीम और बाबर पाकिस्तान की एकदिवसीय टीम में भी शामिल हैं। चयनकर्ताओं ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज फखर जमां और कलाई के स्पिनर सुफयान मुकीम को नजरअंदाज किया है।

विकेटकीपर बल्लेबाज उस्मान खान को भी टीम में जगह मिली है लेकिन मुहम्मद हारिस टी20 टीम से बाहर हो गए हैं। रहस्यमयी स्पिनर उस्मान तारिक टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्हें पदार्पण का इंतजार है। एकदिवसीय टीम में फैसल अकरम, हारिस राऊफ और हसीबुल्लाह की वापसी हुई है।

टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम : सलमान अली आगा (कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, मोहम्मद सलमान मिर्जा, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान, उस्मान तारिक।

रिजर्व : फखर जमां, हारिस राऊफ, सुफियान मोकिम

एकदिवसीय टीम : शाहीन शाह अफरीदी (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, फखर जमां, हारिस राऊफ, हसीबुल्लाह, हसन नवाज, हुसैन तलत, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सईम अयूब, सलमान अली आगा।




## विक्रम सोलर को सनश्योर एनर्जी से 148.9 मेगावाट का मिला ठेका

नई दिल्ली **(एजेंसी)**। सौर समाधान प्रदाता विक्रम सोलर को सनश्योर एनर्जी से 148.9 मेगावाट उच्च दक्षता वाले सौर मॉड्यूल का ठेका मिला है। कंपनी की ओर से जारी बयान के अनुसार, 595 वॉट पावर वाले ये मॉड्यूल महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में लगाए जाएंगे। इस ठेके के तहत विक्रम सोलर सनश्योर को अपने उन्नत एम10आर एन-टाइप टॉपकॉन मॉड्यूल की आपूर्ति करेगा।

विक्रम सोलर के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ज्ञानेश चौधरी ने कहा, '' भारत के हाल ही में 125 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का आंकड़ा पार करना, हमारी स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में बनी गति का एक सशक्त अनुस्मारक है। हम अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों की ओर तेजी से और निर्णायक रूप से बढ़ रहे हैं। सनश्योर एनर्जी के साथ सहयोग इस प्रगति को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।''

सनश्योर एनर्जी के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी मनीष मेहता ने कहा, '' हमारे प्रमुख बाजारों उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में हमारी आगामी परियोजनाओं के लिए विक्रम सोलर के साथ साझेदारी, कुशल निष्पादन के साथ विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



# थक गई हूं, अपूर्वा मुखीजा ने छोड़ी डिजिटल दुनिया, अब करेंगी कुछ नया?

डिजिटल कंटेंट क्रिएटर अपूर्वा मुखीजा ने कंटेंट क्रिएशन के तेजी से बढ़ते व्यावसायीकरण की कड़ी आलोचना की है और इस फील्ड से दूर होने का इशारा दिया है। 'द इंडियन एक्सप्रेस' को दिए एक इंटरव्यू में, मुखीजा ने ऑनलाइन दुनिया को 'एक सर्कस' बताया, जहां मीडिया अच्छी योग्यता के बजाय ज्यादा क्लिक्स के लिए उनका पीछा करते हैं। उन्होंने अपनी थकान जाहिर की और कहा कि वह किसी और चीज पर काम कर रही हैं। कंटेंट क्रिएशन के एक कारोबार में बदल जाने पर अपनी गहरी निराशा जाहिर करते हुए, अपूर्वा मुखीजा ने सवाल किया, 'हम सभी ने इसे मजे के लिए शुरू किया था, और अब लोग इसे एक इंडस्ट्री कहते हैं। यह तो बस कैमरे से बात करने की बात थी, यह इतना गंभीर कैसे हो गया?' उन्होंने प्रासंगिक बने रहने के लिए संघर्ष करने, इवेंट्स में शामिल होने, फ़ोटो खिंचवाने और नेटवर्क बनाए रखने के दबाव को सामने रखा। मुखीजा ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि किसने इस फील्ड का इतना व्यावसायीकरण कर दिया। मैंने इसे कभी इतनी गंभीरता से नहीं लिया। मैं तो बस एक लड़की हूं जो कैमरे से बात करना चाहती है; यह सच में इतना गहरा नहीं है।'

लगातार कंटेंट क्रिएशन की मांगों से अपनी थकान को स्पष्ट करते हुए, क्रिएटर ने संन्यास लेने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा, 'मैं कंटेंट क्रिएशन से संन्यास लेना चाहती हूं। मैं यह काम बहुत लंबे समय से कर रही हूं, इसलिए मैं कुछ और करना चाहती हूं। मैं किसी और चीज पर काम कर रही हूं। अगर यह अच्छा रहा, तो ठीक है, अगर नहीं, तो मैं हमेशा कंटेंट ही बना रही हूं।'




यह घोषणा अपूर्वा की हाल ही में पब्लिक में लगातार हो रही जांच के बीच आई है। इस साल की शुरुआत में, समय रैना के शो 'इंडिया गॉट लेटेंट' के एक एपिसोड के दौरान की गई टिप्पणियों को लेकर उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था, जिसने राष्ट्रीय महिला आयोग का भी ध्यान खींचा था।

अपूर्वा मुखीजा ने सबसे पहले एक डिजिटल क्रिएटर के रूप में शोहरत पाई, और सोशल मीडिया पर अपने बेबाक हास्य के जरिए एक मजबूत प्रशंसक वर्ग बनाया। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर उनकी लोकप्रियता ने उनके लिए मनोरंजन इंडस्ट्री के द्वार खोल दिए। अपूर्वा ने रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स इंडिया' से टेलीविजन पर शुरुआत की। करण जौहर द्वारा होस्ट किया जाने वाला यह शो पिछले साल 12 जून को प्राइम वीडियो पर प्रीमियर हुआ था।

# सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को फैमिली देगी कोर्ट में चुनौती, रिया चक्रवर्ती ने शेयर किया पोस्ट

गुरुवार को, दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत के परिवार ने कहा कि वे सीबीआई द्वारा उनकी मौत के मामले में दाखिल की गई क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट में चुनौती देंगे। परिवार ने इस रिपोर्ट को 'बस दिखावा' बताया है।

हिंदुस्तान टाइम्स ने एक्सक्लूसिव रिपोर्ट में बताया कि सुशांत की फैमिली ने एजेंसी द्वारा एक्टर की पूर्व-गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती को मिली क्लीन चिट को खारिज कर दिया है। उन्होंने ऐलान किया कि वे इस रिपोर्ट को अदालत में चुनौती देंगे।

परिवार की इस घोषणा से कुछ घंटे पहले, रिया चक्रवर्ती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ब्रांडेड पोस्ट शेयर किया। इस पोस्ट में उन्होंने 'मेरे विवादों से मिले 5 सबक' के बारे में बात की।

एक स्किनकेयर ब्रांड के इस विज्ञापन वाले पोस्ट में, रिया फेस मास्क लगाते हुए घर के कई काम करती दिखती हैं। वीडियो के कैप्शन में रिया की पिछली कानूनी लड़ाइयों और विवादों को ट्विस्ट देते हुए लिखा गया था, 'मेरे विवादों से 5 सबक। भरोसा कमाया जाता है, चमक नहीं। यह अंदर से आती है। इसलिए मैंने बायोडांस बायो कोलेजन मास्क चुना, यह मेरी नेचुरल ग्लो को बोलने देता है।' कमेंट सेक्शन में, कई लोगों ने रिया का सपोर्ट किया। इस बीच, सुशांत की मौत की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी ने अपनी क्लोजर रिपोर्ट में कहा था कि एक्टर को गैरकानूनी तौर पर बंधक बनाने या आत्महत्या के लिए उकसाने का कोई सबूत नहीं मिला है। सुशांत के परिवार ने सीबीआई की इस रिपोर्ट का विरोध किया है। उन्होंने इसे 'दिखावा और अधूरा दस्तावेज' बताते हुए कहा कि राजपूत परिवार और उनकी लीगल टीम इस क्लोजर रिपोर्ट को कोर्ट में चैलेंज करेगी।

